खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

हल्द्वानी, रविवार 1 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


तापमान
अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 81,451.01
निफ्टी 24,750.70

सोना 98,010
चांदी 99,900


# R.A.N. PUBLIC SCHOOL, RUDRAPUR

R.A.N. PUBLIC SCHOOL — PERSEVERANCE CONQUERS ALL

36 Years of Dedicated Service

"EXCELLENCE IS OUR TRADITION – CELEBRATING CONSISTENT RESULTS & A NATIONAL TOPPER"

THE MANAGEMENT, PRINCIPAL, STAFF AND STUDENTS EXTEND THEIR WARMEST CONGRATULATIONS.

TOP ACHIEVERS SCORING 90% AND ABOVE IN CLASS X AND XII

100% RESULT IN X AND XII

## CLASS XII TOPPERS



99.4%
KRITIKA MADAN
III NATIONAL TOPPER
DEHRADUN REGION TOPPER
UTTARAKHAND STATE TOPPER



MOKSH SHRIDHAR 98.8% — U.S.NAGAR DISTRICT 2ND TOPPER
RIJJUL MADAAN 98.6% — U.S.NAGAR DISTRICT 3RD TOPPER
DHRUV PRATAP SINGH 98.4%
VANSHIKA GHEEK 98.4%
AKSHIKA POPLI 98.2%
HARDIK SINGLA 97.4%
TANUJ PANDEY 97.4%

## CLASS X TOPPERS



TANISHKA 98.4%
School topper



BHAVNEET KAUR 98%
SARTHAK 98%
ANANYA TYAGI 97.6%
NYASA AHLAWAT 97%
NIKHIL 96.8%
AANSHI MISHRA 96.8%
VIDHI MARTOLIA 96.4%
RAJVI SAINI 96%
ARNAV JAIN 96%
SAMRIDDHI CHAU. 95.8%
DIVYANSHI CHOU. 95.6%
SAMARTH TYAGI 95.4%
ANGEL BATRA 95.2%
YASHASHVI 95.2%
ISHIKA CHAUHAN 95.2%
MEDHA 95%
SHIVANSH AGAR. 95%
DIVYANSHI 95%
HARMAN SINGH 95%
MANISH KUMAR 95%
ATHARV GANGWAR 94.8%
RIDDHI JAIN 94.8%
AYUSH YADAV 94.6%
VAISHNAVI NEGI 94.6%
YUVRAJ SINGH 94.6%
ALISHA SINGAL 94.6%
MEHAK GOYAL 94.4%
ADITYA MISHRA 94.2%
JAI AHUJA 94.2%
TEJASWI BISHT 94.2%
AARUSHI JAISWAL 94%
ANUBHAV CHAU. 93.8%
BHUVI BATRA 93.8%
SHIVEN AGARWAL 93.8%
ARIN CHAUHAN 93.8%
ADITYA KUMAR 93.6%
TANMAY BEHL 93.4%
GITEL KUMARI 93.2%
DIYA JHA 93.2%
RUDRIKA PABBI 93.2%
MANAN JAIN 93.2%
PIYUSH KUMAR 93.2%
ARYAN TAYAL 93%
MANI ARORA 93%
VAIBHAV 92.8%
TANYA 92.6%
PARTH ARORA 92.4%
MANAS SINGH 92.2%
GIRISHA NARANG 92%
KAVYA JAIN 92%
SUHANI BATHLA 92%
TANMAY KAJLA 91.8%
SAANVI KAKKAR 91.8%
MUKESH MAINI 91.6%
AKSHITA JAIN 91.6%
SURPREET SINGH 91.6%
BHOOMIKA PAL 91.4%
SPARSH HALDAR 91.4%
AAKANKSHA SH. 91.4%
AGRIMA GUPTA 91.4%
DAKSH BHATT 91.2%
DIVYANSH GARG 91.2%
RAGHAV TYAGI 91.2%
BHAVYA GABA 91.2%
VEDANSH 91%
MANYA YADAV 91%
MUSKAN GURUNG 90.4%
SHANAYA GARG 90.4%
YASHASVI KALRA 90.2%

## "ACHIEVED 100/100"CLASS X

| SUBJECTS | HIGHEST | NAME OF THE STUDENTS |
|---|---|---|
| MATHS STANDARD | 100 | TANISHKA AND ANANYATYAGI |
| SCIENCE | 100 | BHAVNEET KAUR, SARTHAK PADHALNI, BHOOMIKA PAL |
| S.ST. | 100 | BHAVNEET KAUR, AANSHI MISHRA, ANUBHAV CHAUHAN, PARTH ARORA, DAKSH BHATT |
| INFORMATION TECHNOLOGY | 100 | TANISHKA, ANANYA TYAGI, DIVYANSHI CHOUDHARY, ISHIKA CHAUHAN, DIVYANSHI BHATNAGAR, AYUSH YADAV, YUVRAJ SINGH, ANUBHAV CHAUHAN, BHUVI BATRA, SHIVEN AGARWAL, KAVYA JAIN, TANMAY KAJLA, RAGHAV TYAGI, DAKSH RATTAN |

HIGHEST CLASS AVERAGE

Congratulations!
www.ranrudrapur.edu.in

100 PERCENT RESULT

## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में कार खाई में पलटी, पांच मरे छह की हालत गंभीर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### खड़गे ने वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी थापर के निधन पर शोक जताया और कहा कि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में खासकर, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले वाल्मीक थापर का निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। आज का रणथंभौर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और अथक उत्साह का प्रमाण है।

### विजेंद्र गुप्ता ने तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वह तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। विजेन्द्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ - क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रोहिणी में पदयात्रा आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है।

# कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी बड़ा महत्व

**प्रयागराज, वार्ता**



- अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब 'उन्होंने' कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

उन्होंने थोड़ा मजाकिया लहजे में कहा कि अधिवक्ताओं के वातानुकुलित चैंबर उनके गुस्से को शांत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान प्रयागराज आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में भारत के विरासत की भूमि है। मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। योगी ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बनती है, लेकिन कोई जाता नहीं है। बार-बार अर्बन बॉडीज से कहता हूं कि यह तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण ने छह वर्ष पहले गोरखपुर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई, वो चली नहीं। मैंने कहा कि इसके अंतिम दो फ्लोर में कॉमर्शियल स्पेस देकर इसे संचालित कीजिए। जैसे ही यह हुआ, आज पूरा कॉम्प्लेक्स फुल हो जाता है। जो लोग सड़कों पर वाहन खड़ा करते थे, वे कॉम्प्लेक्स में वाहन खड़ा करते हैं और वहां जाकर सुविधाओं का आनंद लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधुनिक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। उन्होंने कहा जब हम लोग आए थे, तो यूपी के 10 जिलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जिलों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जिलों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जिलों में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश सामाजिक मुद्दों पर गंभीर नहीं: जयवीर

**मैनपुरी, वार्ता**




उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घर-घर सिंदूर भेजने की कोई योजना नही है।

मीडिया में यह गलत तथ्य प्रचारित हो रहा है। सरकार द्वारा जो शादियां कराई जा रही हैं, उनमें जो सुहाग का सामान दिया जा रहा है, उसमें पहले से ही सिंदूर की डिबिया दी जाती थी, उसमें ही सुहाग का बॉक्स सिंदूर नाम से दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया में जिस महिला भाजपा नेत्री के अश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही जा रही है, वह महिला भाजपा में नहीं है, उसे 2022 में ही भाजपा से निष्कासित किया जा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का इस प्रकरण पर बयान देना स्पष्ट करता है कि अखिलेश यादव सामाजिक मुद्दों पर भी गम्भीर नहीं हैं उनका इस मुद्दे पर बयान देना उनके हल्केपन को स्पष्ट करता है। सिंह ने कहा प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों और कमजोरों की जमीन पर जो कब्जा करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# जम्मू-कश्मीर में कहीं बारिश, कहीं हिमपात

**श्रीनगर/जम्मू, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और मुगल रोड को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पीर की गली के साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी में तुलैल और राजदान टॉप के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जोजिला दर्रे में भी में ताजा बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भद्रवाह और किश्तवाड़ में ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। इस दौरान तापमान में गिरावट आई जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक था। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में आठ जून तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है।

विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। उन्होंने कहा कि पुंछ, बारामूला, सांबा, जम्मू और कठुआ में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। आज हल्की से मध्यम स्तर बारिश, ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी, अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने सप्ताह भर का पूर्वानुमान साझा करते हुए कहा कि एक-दो जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। चार-छह जून को मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी। सात-आठ जून को अपराह्न के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका है और तेज बारिश से कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आ सकती है।

## तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा हवाई: प्रियंका

# जीडीपी की विकास दर घटना चिंताजनक

**नई दिल्ली, वार्ता**



- आर्थिक विकास की रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम
- वायुसेना को चीन से ज्यादा मजबूत बनाने की सख्त जरूरत, एयर चीफ मार्शल के बयान का हवाला दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी, तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है।

सुश्री वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है, उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

कांग्रेस प्रवक्त सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा 'अच्छे दिन' की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई में वायुसेना ने अत्यंत सराहनीय और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय वायुसेना को ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी तथा उपकरण के इस्तेमाल पर सरकार को ध्यान देना पड़ेगा। तेलंगाना सरकार में मंत्री तथा वायुसेना में फाइटर पायलट रहे डा. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भारतयी वायुसेना ने भूमिका निभाई है और इस दौरान उसने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह सरहानीय है और हमारी वायुसेना ने जिस तरह से असाधारण अभियान चलाकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है, उस पर कांग्रेस को गर्व है। उन्होंने वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह के हालिया बयानों को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने वायुसेना सुधार के हिसाब से कई अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मुद्दों को उठाया है। एयर चीफ मार्शल ने देश की वायु रक्षा से जुड़े जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ इशारा किया है, सरकार को उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनका कहना था कि लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में भारी देरी वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में चीन से पीछे है हालांकि अच्छी बात यह है कि हमारे प्रशिक्षण मानक चीन के मुकाबले बहुत बेहतर हैं।

### सैन्य कार्रवाई के दौरान विमान गिरने की बात नकारना सरकार बंद करे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी के पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान हमारे लड़ाकू विमान गिरने की बात को भले ही सरकार नकारती रही है, लेकिन अब तो खुद रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान तथा अन्य वायु सेना अधिकारी साफ इशारा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के साथ कार्रवाई के दौरान हमारे विमान गिरे हैं, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में मंत्री, पूर्व सांसद तथा वायु सेना फाइटर पायलट रहे उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लड़ाकू विमानों के गिरने की बात भले ही सरकार बराबर नकार रही है, लेकिन रक्षा प्रमुख तथा वायु सेना के अधिकारी इशारा कर चुके हैं कि विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसे नकारना अब बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीडीएस ने खुद इसका जिक्र किया। इससे पहले एयर मार्शल भारती ने डीजीएमओ के साथ अपनी ब्रीफिंग में इसका अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया था। उन्होंने खास तौर पर कहा कि लड़ाई में नुकसान होना आम बात है।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



100 दिन सेवा के काम करने वाली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री का दावा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

गुप्ता ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में '100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकार' के एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे बहुत दुख होता है, जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हज़ार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पांच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

# उठाव सुस्त रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राजीव कृष्णा...** बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव कृष्ण यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्होंने साल 1991 में पुलिस की नौकरी ज्वॉइन की थी। फिलहाल वे यूपी पुलिल में डीजी के पद पर विजिलेंस के रूप में काम करते हैं। आईएएस राजीव लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हुई है। बता दें कि राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। राजीव 26 जून 1969 को जन्मे थे। राजीव कृष्ण वर्तमान में सभी आईपीएस अधिकारियों में सीएम योगी के सबसे भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं।

**सीडीएस अनिल....** कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे, बल्कि यह है कि हमने उड़ान भरी ही क्यों? (पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने की ओर इशारा) अच्छी बात यह है कि हमने अपनी रणनीतिक गलती को समझा, उस गड़बड़ी को सुधारा और ठीक कर लिया। इसके बाद हमने दो दिन बाद उस रणनीति को फिर लागू किया और अपने सभी जेट्स को उड़ाया और लंबी दूरी तक निशाना बनाया। (पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाने की घटना की ओर इशारा करते हुए)। जब उनसे पाकिस्तानी पीएम शहबाज के दावे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। सीडीएस ने कहा कि बिल्कुल गलत, मैंने पहले ही कहा है कि यह अहम नहीं है कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, अहम सवाल यह है कि इसके बाद हमने क्या किया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने भी 11 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लड़ाई में नुकसान होना सामान्य बात है, लेकिन हमारे सभी पायलट सुरक्षित घर लौटे। उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने पूरी ताकत से काम किया और दुश्मन को करारा जवाब दिया।

**देश के अंतिम...** समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है। तब बाबा साहब ने जवाब दिया था कि यह ऐसा संविधान है, जो सामान्य और आपात दोनों ही स्थितियों में भारत को एक और मजबूत रखेगा। आज हम देखते हैं कि हमारे पड़ोस के देशों में क्या स्थितियां हैं और वहीं भारत आज 75 वर्षों के बाद न सिर्फ प्रगति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया उस समय यह एक मजबूत और यूनाइट रहा है। इसका श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह भारतीय संविधान को देना होगा। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत की उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। स्वतंत्रता के पूर्व देश के जो चंद सबसे अच्छे वकील गिने जाते थे उसमें मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू ऐसे अनेक कानूनी विद्वानों का नाम लिया जाता है।

### यूपी को मिला पहला फुटवियर पार्क

**कानपुर।** औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश को पहला फुटवियर पार्क कानपुर के रमईपुर में मिला है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करेगा। यूपीसीडा की ओर से परियोजना के प्रथम चरण में कुल 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 26 भूखंडों को अब 4600 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। निवेशकों के लिए आवेंदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। आवेदन के समय भूमि मूल्य का 5 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा नैनीताल

दूरभाष नं0 (का0) 05942-235428
फैक्स नं0 (फैक्स) 05942-231082
E-Mail ID-eeujsntl@gmail.com

पत्रांक: 1043 / निविदा/08 दिनांक: 31-05-2025

**: निविदा सूचना :**

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा निम्न तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे शाखा कार्यालय में स्थापित टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधियों के द्वारा खोली जायेंगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | योजना/कार्य का संक्षिप्त विवरण | धरोहर धनराशि रु. | निविदा प्रपत्र का मूल्य + GST | निविदा बिक्री की तिथि | निविदा प्राप्त करने एवं खुलने की तिथि | कार्य पूर्ण अवधि | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भीमताल नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत जूनस्टेट स्थित ठाला टैंक से भरतपुर, कुआंताल क्षेत्र हेतु नयी वितरण पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | 13600.00 | 2000.00+GST | 02.05.2025 से 23.05.2025 | 24.05.2025 | तीन माह | 'डी' एवं उच्चतर |

**नियम व शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल से उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।
2. डाक द्वारा निविदा मंगाने पर रु 100.00 मात्र अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा बिलम्ब से निविदा प्रपत्र पहुँचने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. इच्छुक फर्म द्वारा पेयजल योजना में किये जाने वो कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता / सहायक अभियन्ता से सत्यापित कर / प्रमाणित कर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। निविदा में सहायक अभियन्ता द्वारा सत्यापित प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में सम्बन्धित फर्म की तकनीकी निविदा को पूर्ण नहीं माना जायेगा।
5. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेगी।

**(रमेश सिंह गर्ब्याल)**
अधिशासी अभियन्ता

CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,451.01
निफ्टी 24,750.70
सोना 98,010
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 1 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राजीव कृष्णा बने उप्र के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। मौजूदा डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला है।

राजीव कृष्णा वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात हैं। डीजीपी के चयन को लेकर अब तक संघ लोक सेवा आयोग को कोई प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि नहीं है।



**प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला**

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीडीएस अनिल चौहान ने खोली पाक की पोल

**सिंगापुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के दावों पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान एक साक्षात्कार में उसकी पोल खोल दी है।

यहां ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव के दौरान पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह फाइटर जेट मार गिराए थे? तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीडीएस अनिल



**शहबाज शरीफ के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया सरासर झूठ**

चौहान ने कहा कि जो अहम सवाल है वह यह नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

## विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में दो साल की सजा



**मऊ।** उप्र में मऊ जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो साल की कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने सुबह ही स्व. मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी व उनके एक सहयोगी मंसूर अंसारी को हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिया था। दोषी करार देने के साथ ही दोनों लोगों को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया। विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए अब्बास अंसारी को दो साल की कैद व अलग-अलग धाराओं से जोड़े गए कुल रकम 11 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई गई वहीं विधायक अब्बास अंसारी के इलेक्शन एजेंट व सहयोगी मंसूर अंसारी को 120बी के तहत छह माह की सजा और एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया।




### जम्मू-कश्मीर व गुजरात समेत छह राज्यों में मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सबसे पहले सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लॉस्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर बिग्रेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजने, इमारतों में लगी आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस दौरान बिना देर किए क्विक रिस्पॉन्स देने पर फोकस किया गया। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट, तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा।

### अरुणाचल: भूस्खलन में सात लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में शुक्रवार देर रात भारी बारिश के दौरान बाना और सेप्पा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और यातायात बाधित हो गया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के बाना-सेप्पा खंड पर हुए भूस्खलन में सात लोगों को ले जा रहा एक वाहन बह गया और गहरी खाई में गिर गया। वाहन सेप्पा की ओर जा रहा था, तभी बारिश के कारण हुए

# देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे न्याय:CJI

## कहा: संकट के समय देश रहा एकजुट, इसका श्रेय संविधान को

प्रयागराज, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था, तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक चेतावनी दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की यात्रा रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में -शेष पृष्ठ दो पर



**न्यायपालिका और कार्यपालिका ने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया**

### सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय: गवई

**प्रयागराज।** सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदर्श बना हुआ है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ताओं के लिए तैयार वातानुकूलित चैंबर्स का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले वातानुकूलित चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सराहना की।

**न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग किया उद्घाटन**

## अब आतंकियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) नहीं चलेगा और ऐसा होने पर उन्हें हम घर में घुसकर मारेंगे।

श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने अपना संबोधन महिलाओं के शौर्य पर केंद्रित रखा। साथ ही हाल में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये छद्म युद्ध नहीं चलेगा। ऐसा होने पर हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे। आतंकवादियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब प्रत्येक भारतीय कह रहा है और उनकी भावनाओं के अनुरूप अब यदि वे गोली चलाएंगे, तो इसका जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने सिर्फ भारतीयों का ही खून नहीं बहाया। हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादी और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। इस हमले के बाद भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ देश का अब तक का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर दूर तक। श्री मोदी ने कहा कि साथियों ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। बीएसएफ का ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है।



**आतंकियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी**



## एक नजर

### डिप्रेशन के आकर युवक ने जान दी

**बागेश्वर।** डिप्रेशन में आकर युवक ने खुदखुशी की। परिजनों ने जब उसका कमरा खोलकर देखा तो वे दंग रह गए। आनन फानन में उन्होंने युवक को फंदे से उतारकर उसे उठाने की कोशिश की। लेकिन तबतक उसको मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से चार किमी दूर द्वारसों निवासी 24 वर्षीय सौरभ मेहरा पुत्र स्व. पूरन सिंह मेहरा ने शुक्रवार की रात में अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब घर वाले युवक को उठाने के लिए उसके कमरे में गए तब उन्हें इस बात का पता चला। बताया जा रहा है कि सौरभ दिल्ली में नौकरी करता था। जो पिछले कुछ महीनों से घर में ही था। नौकरी की कमाई व लगभग रूल चुका था। पिछले कुछ दिनों से सौरभ डिप्रेशन में था। अंतत: उसने खुद खुशी का रास्ता चुना। उधर घर में मृतक की मां छोटा भाई व दादा जी है। घटना केबाद से सभी परिजन सदमे में है। शनिवार को जिल अस्पताल में शव का पीएम हुआ। तत्पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला खुद्खुशी का लग रहा है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी है।

### बाथरूम में गिरने से महिला की मौत

**बागेश्वर।** कठायतबाड़ा निवासी अधेड़ महिला बाथरूम में फिसलने से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। यहां डाक्टरों ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। जैक बाद से पूरे परिवार में शोक की लहर छा गई। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम दीपा देवी पत्नी गंगा सिंह कोरंगा उम्र 50 वर्ष निवासी बडेत कपकोट हाल निवासी कठायतबाडा बागेश्वर शुक्रवार देर शाम अपने घर के अंदर बाथरूम में फिसल गई। महिला की चीख सुनकर घर में मौजूद बहु मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने सास को जमीन में बेहोशी की हालत में पड़े हुए देखा। जिसके बाद बहु ने आस पड़ोस से लोगों को बुलाकर दीपा देवी को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका पति गंगा सिंह कोरंगा सेना से रिटायर्ड है। वे वर्तमान में टैंट हाउस का कार्य करते है। गंगा सिंह गांव में एक बारात करने के लिए तीन पहले गए हुए थे। घटना केबाद वे भी जिला अस्पताल पहुंचे। वही मृतक महिला का बड़ा बेटा आर्मी में है, जबकि छोटा बेटा अभी पढ़ाई करता है। हादसे को सूचना मिलते ही उनके रिश्तेदार, गांववासी जिला अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर मैराथन

**बागेश्वर।** लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान पर मैराथन का आयोजन किया गया। एक विरासत एक संकल्प कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष, जिपं प्रशासक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष दीपक गस्याल के नेतृत्व में मैराथन का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया तथा जिपं प्रशासक बसंती देव ने धावकों को रही झंडी दिखाई। इस अवसर पर महामंत्री संजय परिहार, पूरन नगरकोटी, डा. हर्ष मेहरा, संजय जोशी, अक्षय चन्याल, नितिन जोशी, तारा, दीपक जोशी, मनोज बचखेती, योगेश जोशी, प्रशांत तिवारी, मनीष कुमार, किशोर कुमार मौजूद रहे।

### पाल महासभा ने किया छबील का आयोजन

**काशीपुर।** लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर पाल महासभा की ओर से आज महाराणा प्रताप चौक पर छबील का आयोजन कर भीषण गर्मी से राहत देने के लिए लोगों को शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोक माता देवी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली, ब्रह्मा पाल, मनोज जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, अरुण चौहान, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, अलका पाल, प्रदीप जोशी, शुभम उपाध्याय, मुशर्रफ हुसैन, संदीप चतुर्वेदी, निश्चित गुड़िया, सुभाष पाल, नंदकिशोर, अमर सिंह, जगदीश सिंह, सुभाष सिंह, रवि पाल, मुकुल पाल, संजय चतुर्वेदी, गुरविंदर सिंह चंडोक, ईश्वर चंद्र गुप्ता रहे।

### लोकतंत्र सेनानी सर्वमान्य विधेयक की मांग

**काशीपुर।** लोकतंत्र सेनानी सर्वमान्य विधेयक पारित किये जाने की मांग को लेकर लोकतंत्र सेनानी संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा देश के ऊपर थोपे गये आपात काल, लोकतंत्र की हत्या, निर्दोष देशभक्तों को कारगार में बिना किसी अपराध के ठूंसना, वर्षों तक यातनायें देना आदि आदि घटनायें अवश्य स्मरण होगीं। कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने आवास पर विगत 26 जून 2023 को बुलाकर उत्तराखण्ड में निवास करने वाले लोकतंत्र सेनानी बन्धुओं को सम्मानित किया था। लोकतंत्र सेनानी संघ उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न अवसरों पर व्यक्तिगत भेंट व विभिन्न अवसरों पर किये गये पत्राचार के माध्यम से लोकतंत्र सेनानी संघ उत्तराखण्ड की सरकार के समक्ष मात्र एक मांग रख चुके हैं कि देश के अन्य प्रांतों की भांति अपने प्रांत में भी लोक तंत्र सेनानी बन्धुओं के हित में एक सर्वमान्य विधेयक पारित करवायें और आज भी यही मांग कर रहे हैं।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं

## सरकार ने निर्णायक अभियान छेड़ा है, 150 लोगों को जेल भेजा गया: कोरंगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने शनिवार को विकास भवन, बागेश्वर में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी साझा की। साथ ही जलागम में चल रहे प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी।



कोरंगा ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक अभियान छेड़ा है। अब तक करीब 150 लोगों को जेल भेजा गया है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1905 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संचालित की जा रही है, जिसे लोगों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। सरकार की शून्य सहिष्णुता नीति से प्रदेश में पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश में हेलीपैड और रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। बागेश्वर जिले को रेलवे से जोड़ने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे आवागमन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में यूसीसी, भू कानून, नकल विरोधी कानून, धार्मिक स्थलों का विकास, पर्यटन स्थलों का विकास, जैसे महत्वपूर्व कदम उठाए है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में बांज के पेड़ लगाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे जल स्रोतों का पुनर्जीवन संभव होगा। साथ ही, वैज्ञानिक शोध और विश्लेषण के आधार पर चीड़ के पेड़ों को हटाने का अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा, ताकि वर्षा जल संचयन एवं भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। जंगली जानवरों का आवासीय जगहों पर न आने हेतु जंगलों में फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे। उत्तराखंड को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन हुआ है। इससे प्रदेश के युवाओं को नई ऊर्जा और अवसर प्राप्त हो सके है। साथ ही सरकार ने चार धाम यात्रा को सुगम बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य आंदोलनकारियों के कल्याण, पलायन की रोकथाम, तथा जन योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सुझाव लिए जिन्हें सीएम धामी के साथ साझा करने की बात कही। वार्ता के पश्चात उपाध्यक्ष कोरंगा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद किया। उन्होंने सभी को तंबाकू सेवन से दूर रहने की प्रेरणा दी। कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज की नींव है, और बच्चों को बचपन से ही नशे से दूर रहने की सीख दी जानी चाहिए। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डा. दीपक कुमार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न विद्यालयों के बच्चे थे।

# प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच लिया गोल्फ का आनंद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 9 महिला गोल्फरों सहित कुल 99 गोल्फरों ने भाग लिया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागी न केवल इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि नैनीताल स्थित राजभवन गोल्फ कोर्स की सुरम्य प्राकृतिक छटा का भी आनंद उठा रहे हैं। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक परिवेश में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स की व्यवस्थाएं, आतिथ्य सत्कार तथा आयोजन की उत्कृष्टता उन्हें बार-बार यहां खींच लाती है। कई गोल्फरों ने उल्लेख किया कि वे विगत कई वर्षों से इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रहे हैं और प्रत्येक बार उन्हें यहां खेलना एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। राजभवन गोल्फ कोर्स, जो अपनी ऐतिहासिकता और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल गोल्फ को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि उत्तराखण्ड के पर्यटन और सांस्कृतिक आकर्षण को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहा है।




# पुलिस सुरक्षा में लॉपिंग-चॉपिंग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** 132 केवी बिजली घर से 20 नंबर बिजली घर तक जाने वाली 33 केवी लाइन पर लॉपिंग व चॉपिंग करने को लेकर लगभग तीन साल से क्षेत्रवासियों का ऊर्जा निगम से विवाद चल रहा था। निगम ने अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस सुरक्षा के बीच विवादग्रस्त लाइन पर लॉपिंग चॉपिंग का कार्य कराकर लाइन को शुरू करा दिया है। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन मौके पर मौजूद ऊर्जा निगम व पुलिस अधिकारियों के समझाने पर मामला शांत हो गया। बाजपुर रोड स्थित डिग्री कॉलेज के सामने स्थित 132 केवी बिजली घर से 20 नंबर बिजली घर तक जाने वाली 33,000 केवी लाइन खड़कपुर देवीपुरा चैती चौराहा के पास से होकर गुजरती है। वर्ष 2022 में ऊर्जा निगम की टीम इस क्षेत्र में लाइन पर लॉपिंग व चॉपिंग का कार्य करने पहुंची थी, तब क्षेत्र के भूपेंद्र सिंह व राजविंदर सिंह समेत क्षेत्रवासियों ने इसका विरोध किया था। साथ ही न्यायालय में ऊर्जा निगम के खिलाफ वाद किया था। तब न्यायालय ने सुनवाई के बाद स्टे दे दिया था। पुलिस ने बताया कि न्यायालय ने टूटी तारों को जोड़ने का आदेश नहीं दिया, बल्कि पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का आदेश दिया है। तब विभाग की टीम वापस लौट आई थी। इस मामले में न्यायालय ने वादीगण के अधिवक्ता व प्रतिवादीगण के अधिवक्ता के तकों को सुना। साथ ही पत्रावली का अवलोकन किया। इसके बाद न्यायालय ने प्रतिवादी को पुलिस की सुरक्षा में पेड़ों की लॉपिंग व चॉपिंग करने का आदेश दिया। सिविल जज (जूडि) करिश्मा डंगवाल की अदालत ने सुनवाई के बाद आईटीआई थाना प्रभारी को आदेश जारी किए कि वह ऊर्जा निगम को 33 केवी लाइन से लगे पेड़ों की लॉपिंग व चॉपिंग कराने में सहायता करें।

# मेयर बाली ने फीता काटकर किया पिंक टॉयलेट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक टॉयलेट का महापौर दीपक बाली ने आज लोकार्पण किया। उनके साथ उपजिलाधिकारी एवं नगर निगम के उप नगर आयुक्त अभय प्रताप सिंह भी थे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से पर्यटन योजना से बने इस पिंक टॉयलेट से महिलाओं को काफी मदद मिलेगी और जीजीआईसी की जो हमारी बेटियां हैं उन्हें भी काफी लाभ होगा क्योंकि इस टॉयलेट का एक गेट जीजीआईसी के अंदर से भी खुलता है। इस टायलेट में एक बात यह खास है कि यहां पर एक कमरा भी है जिसमें जरूरत पड़ने पर महिलाएं बैठ भी सकती है और अपने बच्चों को फीडिंग भी करा सकती हैं। यह टॉयलेट हाल ही में नगर निगम के सुपुर्द हुआ है और 22 लाख रुपए की लागत से बने इस टॉयलेट का रखरखाव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण अवसर पर पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री संजय, पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, रवि पाल, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट, राजीव अरोरा बच्चू, ईश्वर चंद गुप्ता, राज. कुमार यादव व धीरज वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।



### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**काशीपुर।** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त हेतु मोर्चरी में रखवा दिया है। द्रोणासागर के निकट स्थित सेठी पेट्रोल पंप के पास गत रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पर थाना आईटीआई की पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने की को. शिश की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। आईटीआई थाना प्रभारी ने बताया कि जिस व्यक्ति का यह शव है उसकी उम्र लगभग 48 वर्ष है और उसकी लम्बाई 5 फिट 5 इंच है। उसने सफेद व गोल्डन रंग की चेकदार कमीज, अंदर मैरून रंग की सेण्डो बनियान व नीचे काले रंग की पेंट तथा अंदर नीले व सफेद धारी की नेकर पहन रखी है।

# पत्रकारिता दिवस पर समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर काशीपुर मीडिया सेंटर द्वारा 'एक शाम पत्रकारों के नाम' कार्यक्रम कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मीडिया सेंटर के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी ने की। कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर दीपक बाली, एसडीएम अभय सिंह, एसपी अभय सिंह, भाजपा नेता व पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अरूण शर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने मंच से पत्रकारिता के महत्व, उसकी चुनौतियों और समाज में उसके दायित्वों पर अपने विचार साझा किए। देहरादून से आये उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष अरूण शर्मा ने आज की पत्रकारिता पर जोरदार कटाक्ष किये। इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार दीप पाठक की पत्नी दीपा पाठक का पार्षद निर्वाचित होने पर स्वागत किया गया। अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी ने कहा मेरा जीवन पत्रकारों और पत्रकारिता के लिए समर्पित है। पत्रकारों ने इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी सम्मानित किया। संचालन आरडी खान व रफी खान ने किया। इस दौरान मीडिया सेंटर से जुड़े सभी पत्रकार मौजूद रहे।



### सार्वजनिक मार्गों पर बने सभी द्वार अवैध, हटाने के आदेश

**काशीपुर।** परगना मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट के आदेशों के आधार पर सार्वजनिक मार्ग पर बने नगर पालिका और कमेटी के द्वार को हटवा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी द्वार अवैध हैं, चाहे वे किसी भी निकाय द्वारा बनाए गए हों। अधिवक्ता नदीम उद्दीन ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का निर्माण, यूनीपोल, होर्डिंग, बैनर या पोस्टर लगाना कन्ट्रोल ऑफ नेशनल हाईवेज एक्ट 2002 की धारा 24 और 38 के तहत दंडनीय अपराध है। बिना हाईवे प्रशासन की अनुमति कोई भी स्थायी या अस्थायी निर्माण नहीं किया जा सकता।

# राशनकार्ड निरस्त करने पर आक्रोश, पूर्ति निरीक्षक को घेरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा संघर्ष समिति ने खाद्य विभाग के पूर्ति निरीक्षक का घेराव कर बनभूलपुरा क्षेत्र में राशन कार्डों के सर्वे पर आपत्ति दर्ज कराई है। समिति ने जाना चाहा है कि क्या ऐसा सर्वे पूरे शहर में चल रहा है या फिर सिर्फ बनभूलपुरा में। समिति के संयोजक उवैस राजा ने बताया कि विभाग द्वारा खाली बनभूलपुरा में ही सर्वे किया जा रहा है, जिससे प्रतीत होता है कि महज़ एक समाज को ज्यादा टारगेट किया जा रहा है। उवैस राजा ने कहा कि बनभूलपुरा में 90 प्रतिशत से ज्यादा परिवार गरीब हैं। ऐसे हालातों में विभाग द्वारा उनके राशनकार्ड निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। उवैस राजा ने आपत्ति दर्ज कराई कि क्यों नहीं राशन कार्ड निरस्त करने से पहले लोगों को नोटिस दिया गया। उवैस राजा ने विभाग को आंदोलन की चेतावनी दी है।

# राष्ट्रीय शहीद सैनिक विद्यापीठ में छात्र अनुशासन परिषद का गठन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में शनिवार को छात्र अनुशासन परिषद का गठन किया गया जिसमें हेड बॉय इमरान, हेड गर्ल श्रेया, वाइस हेड बॉय कपिल, वाइस हेड गर्ल रिया, सांस्कृतिक सचिव दिया, स्पोर्ट्स कैप्टन भावना, मयंक सांस्कृतिक उपसचिव रिया चौहान, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन निखिल, दिव्यांशु आदि सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न हाउसों का भी गठन किया गया।

कमेटी का कार्यकाल एक वर्ष तक रहेगा और इस छात्र परिषद का कार्य विद्यालय में छात्रों के मध्य अनुशासन बनाए रखना तथा विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान प्रधानाचार्या तारा बोरा ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है जिसमें पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य एव जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया और सभी सदस्यों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया तथा शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा विद्यालय में आयोजित बैग लेस डे भी मनाया गया। इस दौरान डीएस मेहरा, विमलेश गोस्वामी, कुंदन सिंह सुयाल, ममता बिष्ट, जितेंद्र भट्ट, विनीता, दीप्ति त्रिपाठी, नीता चम्याल, राधा जोशी, तारा बिष्ट, जानकी, चम्पा, रीतू, राजेन्द्र सिंह, कोमल, मयंक, मनीष समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### दो पक्षों में मारपीट

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट के बिंता में दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बग्वालीपोखर के नायल गांव के बगड़गांव तोक निवासी किशन चंद्र तिवारी ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह बालेश्वर महादेव मंदिर समिति का अध्यक्ष हूं। बैंक लेनदेन के काम से वह शुक्रवार सुबह मैनेजर से मिलने बिंता शाखा गए थे। वापस लौटते समय कार को बैक करने के दौरान पिछला हिस्सा एक बाइक के टायर को छू गया। इतने में भवन स्वामी महेन्द्र सिंह नेगी निवासी नौलाकोट आग बबूला हो गया और गाली गलौज पर उतर आया। इधर, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नर्सिंग अधिकारियों की स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय,

**कर्तव्यों, जिम्मेदारियों से अवगत कराया**

हल्द्वानी के सभागार में नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. जीएस तीत्याल, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट जीबी मोल टी. मैथ्यू, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट इला चौधरी, तथा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मार्गेट, दिनेश पांडे, सतीश आदि उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों तथा व्यवहार संबंधी आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सत्र में डाक्टर द्वारा निर्धारित दवाओं का सही तरीके से पालन, दवा का सुरक्षित भंडारण, रखरखाव तथा लेज़र प्रविष्टियों की प्रक्रिया पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साथ ही मरीजों की शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझने के लिए उपयोगी टिप्स भी प्रदान किए गए। मरीजों और तीमारदारों के साथ प्रभावी संवाद एवं व्यवहार पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त मरीजों से सैंपल लेना, स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया, और चिकित्सा उपकरणों के प्रयोग के बारे में भी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में, विशेषकर बड़ी संख्या में मरीजों के आने पर, स्थिति प्रबंधन के तौर-तरीकों की जानकारी भी अधिकारियों को दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. तीत्याल ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल नर्सिंग अधिकारियों के व्यावसायिक विकास के लिए उपयोगी है, बल्कि इससे रोगियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।



# पर्यटन और स्वरोजगार योजनाओं पर जोर

## सचिव दिलीप जावलकर ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड सरकार में वित्त, निर्वाचन व सहकारिता विभाग के सचिव दिलीप जावलकर ने शनिवार को जिला कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और फीडबैक के आधार पर नीतियों को अधिक व्यावहारिक बनाने पर जोर दिया। सचिव ने ट्राउट मछली पालन में बागेश्वर की प्रगति की सराहना करते हुए बताया कि लगभग रुपये 200 करोड़ की नई योजना प्रस्तावित है, जिसे नाबार्ड भी समर्थन देगा। कीवी उत्पादन को लेकर भी वृहद योजना बनाने की बात कही गई। बागनाथ मंदिर को भारत सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने के साथ राज्य सेक्टर से भी प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। जावलकर ने कौसानी को पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण बताते हुए टी गार्डन को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने, पौधारोपण अभियान चलाने, गोट वैली को बढ़ावा देने, प्रोसेसिंग और ग्रोथ सेंटर को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत मेरा सपना-मेरा लक्ष्यश व हेलो बागेश्वर पहल की सराहना की। समीक्षा बैठक के बाद सचिव ने उद्योग प्रतिनिधियों, किसानों, एनजीओ और पर्यटन क्षेत्र के लोगों के साथ भी संवाद किया। उन्होंने कर्णप्रयाग रेल लाइन से पर्यटन में संभावित बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए टूरिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने पर जोर दिया। बैठक में पैराग्लाइडिंग, सरस मार्केट व्यवस्था और स्थानीय उत्पादों के प्रचार को लेकर भी सुझाव आए, जिन्हें नीतियों में शामिल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के, सीडीओ आरसी तिवारी, डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### कुक्कुट पालन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

**पंतनगर।** समेटी उत्तराखण्ड प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा 28 से 31 मई तक आय वृद्धि हेतु कुक्कुट पालन वषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने किया। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में मुर्गी पालन किसानों की आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने कुक्कुट प्रजातियों, आहार प्रबंधन, आवास, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों को विश्व. विद्यालय के कुक्कुट प्रक्षेत्र और अनुसंधान केन्द्रों का भ्रमण भी कराया गया। इस कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर, चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल व पौड़ी गढ़वाल के 26 विभागीय अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान शामिल हुए।

# महिला से लूट का आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पुलिस ने बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों से लूटी गई धनराशि व सोने के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। शनिवार को पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों को अल्मोड़ा जेल भेज गया है। पुलिस ने बताया कि लूट का मामला पहले राजस्व पुलिस के पास था। बाद में रेग्युलर पुलिस को सौंपा गया। बैजनाथ पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार दस मई को को राजस्व क्षेत्र लखनी निवासी रेवती देवी उम्र 85 वर्ष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट कर उनके कान के कुंडल व मोबाइल एवं 10000 रुपए लूट गए। इसके बाद राजस्व पुलिस ने 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ। गंभीर प्रकृति का अपराध होने के कारण विवेचना राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित हुआ। पुलिस कप्तान चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश के बाद जांच टीम गठित की गई। इसके बाद टीम ने बागेश्वर, कपकोट बैजनाथ, गरुड़ क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 40 से 45 सीसीटीवी कैमरों की 1200 घंटे से अधिक की रिकॉर्डिंग चेक की गई। रिकॉर्ड में पुलिस को 29 मई को विशाल अधिकारी को घटना में लूटे गए मोबाइल सहित कपकोट से तथा 30 मई को दोसरा आरोपी देवेंद्र कुमार उर्फ बब्लू को कौसानी क्षेत्र से लूट की घटना में लूटी गई धनराशि व संपत्ति सहित गिरफ्तार किया गया है। दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उमेश रजवार एएसआई सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।



# बीवी के प्रेमी का सिर पत्थर से कुचला

## सोते समय दिया वारदात को अंजाम, हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार की रात्रि बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली वार्ड-60 में पति ने अवैध संबंध में पत्नी के प्रेमी की पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी पति ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब प्रेमी महिला के ही घर में आकर सो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है।



वहीं शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गौजाजाली वार्ड नंबर 60 निवासी अनिल साहू ई-रिक्शा चलाता है और उसकी पत्नी गीता साहू ब्यूटी पार्लर चलाती है। बताया जा रहा कि 14 वर्ष पहले अनिल दुर्गा मंदिर के पास साहू धर्मशाला में रहता था। बताया जा रहा पांच साल पहले वह गौजाजाली में पत्नी गीता, 13 साल के बेटे 9 साल की बेटी के साथ तब रहने आया, जब उसे अपनी पत्नी और 26 वर्षीय तरुण साहू पुत्र राधे श्याम के बीच अवैध संबंध का पता चला, लेकिन तरुण ने पीछा नहीं छोड़ा। तरुण तिकोनिया स्थित शराब की एक दुकान में कैंटीन चलाता था। जबकि अनिल ई-रिक्शा चालक था। अनिल शरीर से कमजोर, जबकि तरुण हष्ट-पुष्ठ था। वह चाह कर भी उसका विरोध नहीं कर पाया। इसकी वजह उसकी पत्नी भी थी, जो हमेशा तरुण के आगे आकर खड़ी हो जाती थी। बताया जाता है कि बीते शुक्रवार रात तरुण, अनिल के घर पहुंचा। तब अनिल शराब के नशे में था। उसका तरुण से विवाद भी हुआ, लेकिन वह कुछ कर नहीं पाया। जिसके बाद वह अपने बच्चों के साथ कमरे में सोने चला गया। जबकि उसकी पत्नी गीता और तरुण बरामदे में रखे तखत में सो गए, लेकिन अनिल नहीं सो पाया। रात करीब डेढ़ बजे वह उठा और चुपचाप कमरे से बाहर आया। गीता और तरुण तब गहरी नींद में थे। अनिल एक भारी-भरकम पत्थर ले आया और सोते वक्त उसने तरुण के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमले कर दिए। यह देख गीता चीख पड़ी और चीख सुन आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। पड़ोसियों ने ही घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में मरणासन्न हालत में लहूलुहान पड़े तरुण को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अनिल को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म भी कुबूल कर लिया है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर मिले उस पत्थर के कब्जे में ले लिया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

### मृतक के पिता की तहरीर पर दंपति पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या के मामले में देर शाम शनिवार को बनभूलपुरा पुलिस ने मृतक तरुण के पिता राधे श्याम की तहरीर के आधार पर अनिल और उसकी पत्नी गीता के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में राधे श्याम ने आरोप लगाया कि उनका बेटा तरूण वर्तमान में दमुआढूंगा जवाहर ज्योति काठगोदाम में किराए के मकान में रहता था। 30 मई की रात रात लगमग साढ़े 11 बजे जब वह खाना खा रहा था तभी उसके मोबाइल पर गीता साहू ने फोन किया और घर बुलाया। जिसके बाद तरुण अपने साथ के लड़के को यह कहकर चला गया कि अभी आता हूं। लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर गीता साहू ने मेरे बेटे तरूण सिंह के फोन से छोटे बेटे शिवराज सिंह को फोन किया कि अपने भाई को बचा लो। जिस पर छोटा बेटा बताए स्थान गया और राधे श्याम को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेन्स से तरूण को लहूलुहान मरणासन्न हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि गीता साहू और अनिल साहू ने तरुण को धोखे से बुलाया और उसकी हत्या को अंजाम दिया। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी दंपति के खिलाफ धारा 103 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ढोकाने वाटरफॉल में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद के रामगढ़ ब्लॉक स्थित ढोकाने वाटरफॉल में शुक्रवार को नहाने गए तीन युवकों में से एक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रियांशु कनवाल (16) पुत्र गोविंद कनवाल, निवासी पहल खत्याड़ी, अल्मोड़ा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रियांशु अपने दो साथियों के साथ अल्मोड़ा से ढोकाने वाटरफॉल घूमने और नहाने के उद्देश्य से आया था। नहाते समय प्रियांशु गहराई में चला गया और पानी में डूब गया। साथियों द्वारा शोर मचाए जाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मदद से युवक को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर क्वारब पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रियांशु को सीएचसी सुयालबाड़ी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्वारब पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## टेनिस टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन 16 मुकाबले खेले गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान में स्व. बीएस रावत स्मृति प्रथम ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (आईटा) मैंस ओपन टूर्नामेंट-2025 का शनिवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन क्वालीफाइंग राउंड के तहत कुल 16 मुकाबले खेले गए। प्रारंभिक मैच में हल्द्वानी के रजत कुमार सती ने मेरठ के दीपक कुमार को कड़े संघर्ष के बाद 5-7, 7-5, 12-10 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में मुरादाबाद के विविध गुलाटी को सुमित से 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जयपुर के फरहान को यूपी के कुश कक्कर ने 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह पहली बार है जब चूनाखान बैलपड़ाव स्थित आप्टिमम टेनिस एकेडमी में राष्ट्रीय स्तर की आईटा मैंस ओपन प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। विजेता खिलाड़ियों को 1 लाख की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन 7 जून 2025 तक जारी रहेगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ मुक. ाबले खेले। मैचों का संचालन मुख्य रेफरी एंटन डिसूजा (मुंबई) के निर्देशन में किया गया। टूर्नामेंट सचिव अवनीश रस्तोगी ने बताया कि इसी आयोजन के अंतर्गत अंडर-12 और अंडर-14 प्रतियोगिताएं 8 से 14 मई तक आयोजित की गई थीं। इस प्रतियोगिता का संचालन जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल और फैन क्लब मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जबकि उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन, देहरादून इसके तकनीकी दिशा-निर्देशन में है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के अगले मुकाबले 1 जून को प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होंगे।मैच के दौरान विशेष अतिथियों में डीटीए नैनीताल के सचिव हेम कुमार पांडेय, पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएनएस बिष्ट, एसबीआई के पूर्व प्रबंधक ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट, शंक. रदत्त सती, एसके साता, हरपाल सिंह और अंकुर कुमार मौजूद रहे।

## बाइक सवारों ने बुजुर्ग महिला से मंगलसूत्र और युवक से झपटा मोबाइल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में बाइक सवार बदमाश ने अलग-अलग स्थानों पर दिनदहाड़े दो वारदातों को अंजाम दिया। एक ओर कॉलोनी में टहल रही बुजुर्ग महिला से मंगलसूत्र लूट लिया गया, वहीं दूसरी ओर मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक के हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते 25 मई जब सीमेटी कॉलोनी डहरिया निवासी महेंद्र रावत की मां कॉलोनी में अन्य महिलाओं के साथ टहल रही थीं। इसी दौरान करीब शाम चार बजे एक काली बाइक पर सवार नकाबपोश युवक कॉलोनी के भीतर आया और चलते-चलते उनके गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। महिला के चिल्लाने पर लोग इकठ्ठा हुए लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था। कोतवाली प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जबकि दूसरी घटना बीते 30 मई की सुबह की है जब जर्ज फॉर्म निवासी सुनील कुमार मॉर्निंग वॉक के दौरान रूपनगर चौराहे के पास अपने भतीजे से फोन पर बात कर रहे थे। तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने लुटेरे का पीछा भी किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच कर रही है।

## जीएनजी और हिमालयन क्रिकेट अकादमी की जीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज दो मुकाबले खेले गए, जिसमें जीएनजी और हिमालयन क्रिकेट अकादमी ने जीत दर्ज की। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में एसआरएस और हिमालयन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएस की टीम 17वें ओवर में मात्र 77 रन पर सिमट गई। हिमालयन के गेंदबाज वंश आर्य ने 4, भावेश ऐरी ने 3 और गर्वित अधिकारी ने 2 विकेट लिए। जवाब में उतरी हिमालयन क्रिकेट अकादमी ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य को 12वें ओवर में ही हासिल कर 10 विकेट से जीत लिया। वंश आर्य को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ-द मैच चुना गया। दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में जीएनजी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए काठगोदाम की टीम 45वें ओवर में 148 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जीएनजी के हर्षित पढ़ियार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जबकि वेदांत यादव ने 3 व ऋषभ सिंह राठौर ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की टीम ने 41वें ओवर में 149 रन बनाकर 7 विकेट से जीत हासिल की। हर्षित पढ़ियार को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ-द मैच चुना गया। मैचों में अंपायर की भूमिका में विजय आर्या, विनय जोशी, नरू कन्याल और हिमांशु चतुर्वेदी ने निभाई, जबकि स्कोरिंग में हरप्रीत सिंह और नीरज पनेरू रहे। इधर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि लीग के अंतर्गत कल यानि रविवार को एकमात्र मैच जीएनजी क्रिकेट एरिना में वेंडी क्रिकेट अकादमी और जीएनजी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र से चार दिन पहले एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गौलापार, प्रतापपुर निवासी यशपाल आर्या ने पुलिस को बताया कि 27 मई को शाम के समय वह किसी काम से रामलीला ग्राउंड की ओर गए थे। यहां उन्होंने अपनी बाइक को सात बजे के आसपास पार्क किया। रात 11 बजे जब बाइक लेने के लिए वह वापिस गए तो बाइक नहीं थी।

# श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 7 जून को

## प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल, विवेक शर्मा और परविंदर पलक करेंगे भक्ति संकीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में आगामी 7 जून को श्री श्याम महिमा में रंगा नजर आएगा। एमबी ग्राउंड हल्द्वानी में तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूरे जोश और उत्साह के साथ चल रही हैं।

महोत्सव से पूर्व श्रीश्याम बाबा की एक भव्य निशान यात्रा भी निकाली जायेगी। यह बात महोत्सव के आयोजक मंडल अध्यक्ष अंकित पाल ने कहीं। शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में पत्रकार वार्ता करते हुए श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजक मंडल अध्यक्ष अंकित पाल व मीडिया प्रभारी वैभव





गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि बाबा के भजनों से पूरे शहर को श्याम महिला के रंग से सराबोर किया जायेगा। आगामी 7 जून को एमबी इंटर कालेज में होने वाले तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर लगभग सभी तैयारियों हो चुकी है। महोत्सव से पूर्व 7 जून की सुबह 6 बजे बरेली रोड स्थित श्री लटूरिया आश्रम मंदिर से शुरू होकर कालाढूंगी चौराहा होते हुए खाटू श्याम मंदिर मुखानी तक श्रीश्याम बाबा की एक भव्य निशान यात्रा भी निकाली जायेगी। उन्होंने बताया यह यात्रा नगर में धर्म और भक्ति का माहौल बनाएगी। जबकि संकीर्तन महोत्सव का आयोजन शाम 7 बजे से एमबी ग्राउंड में होगा, जहां देशभर में प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, परविंदर पलक और विवेक शर्मा अपनी मनमोहक और भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। समिति के अध्यक्ष अंकित पाल एवं मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम श्री श्याम युवा मित्र मंडल, हल्द्वानी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में भक्त इस आयोजन में भाग लेने की तैयारी में जुटे हैं। आयोजकों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में भाग लेकर श्री खाटू श्याम जी की कृपा प्राप्त करें और अपने जीवन को धर्ममय बनाएं। पत्रकार वार्ता के दौरान समिति से संजीव कश्यप, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, कमल पाल, रामू गुप्ता, राहुल भट्ट, पिंकु गुप्ता, राजू प्रजापति और अनिल पाल भी मौजूद रहे।

## कर्मचारी नेता प्रदीप शर्मा सेवानिवृत्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम मंडलीय कार्यालय में कार्यरत यातायात निरीक्षक व वरिष्ठ कर्मचारी नेता प्रदीप शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी



विदाई दी गई। काठगोदाम डिपो परिसर में आयोजित समारोह में ढोल-बाजे के साथ उन्हें फूल मालाओं से लादकर विदाई दी गई। प्रदीप शर्मा ने परिवहन निगम में 36 वर्षों तक सेवा दी। उन्होंने काठगोदाम डिपो से ही अपने करियर की शुरुआत की थी और वहीं से सेवानिवृत्त होकर अपनी ईमानदार व निष्ठावान सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में प्रदीप शर्मा भावुक नजर आए। समारोह में निगम अधिकारियों, यूनियन पदाधिकारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। प्रदीप शर्मा उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन में अध्यक्ष, मंत्री और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर सक्रिय रहे। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम राजेंद्र प्रसाद आर्या, एआरएम हल्द्वानी संजय पांडे, यूनियन प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, केंद्र प्रभारी मनोहर रावत, रघुवीर चौधरी, आनंद बिष्ट, दयाल जोशी, विनोद माहेश्वरी, किशन राम आर्या, एलडी पालीवाल, गिरीश तिवारी, शशिकांत गौतम, सुभाष मिश्रा, नवीन लोहनी, कैलाश कांडपाल, मनोज भट्ट, शाशिकांत गौतम, सुनील बिष्ट, अभिषेक गुप्ता, शमीम अहमद, हरीश जोशी, वीरपाल सिंह, केके यादव, वाईपी काम्टे, जमील खां, दिनेश जोशी, बीसी भट्ट, श्याम सिंह साही, कमल बिष्ट, संदीप बिष्ट, डीएल साह, गिरीश तिवारी और अन्य कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा व सामाजिक मुद्दों पर हुए निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की मासिक बैठक शनिवार को पं. गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि बैठक का संचालन महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर हनुमान मंदिर कोतवाली के पास पर आमजन के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, नैनीताल जिले में राजकीय वृद्धाश्रम की आवश्यकता को देखते हुए बरेली रोड स्थित पुरानी कत्था फैक्ट्री परिसर में वृद्धाश्रम बनाने का प्रस्ताव पारित कर समिति ने दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद्र वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अंत. रराष्ट्रीय वृद्ध दिवस को राजकीय स्तर पर मनाने, शहर में सायरन प्रणाली स्थापित करने, किन्नरों के लिए पहचान पत्र और व्यवहारिक नेग निर्धारण, वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सहायता, तथा फेरीवालों व चालकों के लिए पहचान पत्र जारी करने जैसे सुझाव शामिल थे। बैठक में वैभव बिष्ट, नरेंद्र चंद्र तिवारी, उमेश चंद्र पांडेय, मोहन चंद्र पलडिया, दयाकृष्ण पंत, प्रताप सिंह जंतवाल, बीडी जोशी, राजेंद्र सिंह ऐरी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# जातीय उत्पीड़न पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाखेत में 24 मई को हुए एक जातीय उत्पीड़न मामले में न्याय की मांग को लेकर अंबेडकरवादी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला



और प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बनाया। इसके बाद मामले में एससी/एसटी (एट्रोसिटी) एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार बीते 24 मई को कालाखेत क्षेत्र में बाजार के बीच एक सामान्य जाति के व्यक्ति नंदन सिंह खाती द्वारा बहुजन समाज से संबंधित धारा बल्लभ के साथ जातिसूचक गालियों का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट की और उनकी नई स्कूटी को लाठी-डंडों व पत्थरों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पीड़ित ने 26 मई को पुलिस में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर डा. अंबेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से डा. अंबेडकर आदर्श विद्यालय दमुवाढूंगा में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अलग-अलग संगठनों के प्रतिनिधि पीड़ित से मुलाकात करेंगे और कानूनी सहायता सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी संगठनों ने प्रशासन पर अपने-अपने स्तर से दबाव बनाया, जिसका परिणाम यह हुआ कि अंतत: एफआईआर दर्ज की गई। इस दौरान शंकर लाल, दीपक चनियाल, हरीश सिनोली, नफीस अहमद खान, विनोद कुमार पिन्नु, जितेंद्र वर्मा, विनोद बौद्ध, जीआर आर्य, मनोज कुमार मन्नु, जीवन चंद्र आर्य, विकास कुमार, हरीश लोधी, गजेंद्र पाल, लक्की राजपूत, अमित कुमार बौद्ध, जीतराम, अमित कुमार, विनोद कुमार, किशन चंद्र, सुरेंद्र थापा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस का 'ऑपरेशन सेनेटाइज'



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में अपराध और अवांछनीय गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए एसएसपी के निर्देश पर ऑपरेशन सेनेटाइज अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सघन चे. कंग अभियान चलाया। पुलिस ने होटल, ढाबे, दुकानें, कबाड़ी वाले, रिपेयरिंग की दुकानें, मोबाइल शॉप्स, फड़ और रेडी समेत कुल 793 प्रतिष्ठानों की जांच की और 150 व्यक्तियों का सत्यापन किया। सत्यापन नहीं कराने पर 256 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए 57,050 का जुर्माना वसूल किया। ऑपरेशन सेनेटाइज में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ भवाली प्रमोद कुमार साह, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल सहित प्रभारी निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मी भी शामिल रहे।

## 'गुजिया' बनकर दिखेंगी भूमि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की प्रतिभाशाली बाल कलाकार भूमि रमोला ने टेलीविजन और फिल्म जगत में अपनी खास पहचान बना ली है। मूल रूप से नैनीताल जिले के





बिंदुखत्ता की रहने वाली भूमि, अब जल्द ही सोनी सब टीवी के नए धारावाहिक 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में 'गुजिया शर्मा' की भूमिका में नजर आएंगी। यह शो 9 जून से रात 8 बजे प्रसारित होगा। इस पारिवारिक हास्य-प्रेम कथा पर आधारित धारावाहिक का निर्माण फुल हाउस मीडिया द्वारा किया गया है, जिसमें भूमि के साथ टीवी के चर्चित कलाकार शब्बीर अहलूवालिया और आशी सिंह मुख्य भूमिकाओं में होंगे। शो में भूमि एक तेज-तर्रार, चुल. बुली और सीरियल प्रेमी बच्ची (गुजिया) की भूमिका निभा रही हैं, जिसकी नटखट अदाएं और चुटीले संवाद दर्शकों को खूब गुदगुदाने वाले हैं। भूमि की लघु फिल्म 'वंश' में उनके दमदार अभिनय ने उन्हें नवरंग राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, दादा साहेब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025, मकिझमित्रन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता, और चित्रांगनी रंगमंच महोत्सव जैसे मंचों पर श्रेष्ठ बाल अभिनेत्री के पुरस्कार दिलाए। भूमि की सफलता के पीछे उनके पिता मनोज रमोला की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो देश के शीर्ष 10 कास्टिंग डायरेक्टर्स में शामिल हैं। उनकी लिखी पुस्तक 'ऑडिशन रूम' भारत की पहली ऐसी गाइडबुक है, जो नवोदित कलाकारों को ऑडिशन प्रक्रिया और इंडस्ट्री में संभावित धोखाधड़ी से आगाह करती है। इस पुस्तक का विमोचन स्व. ओमपुरी ने किया था।

# पत्रकारों की समस्याओं के प्रति सरकार गंभीर

## तहसील स्तर पर भी दी जाएगी पत्रकारों को मान्यता: डा. नितिन उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निद. ेशक, डा. नितिन उपाध्याय ने मीडिया सेंटर पहुंचकर पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुना और सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में उठाए जा रहे विभिन्न कदमों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की।



डा. उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार पत्रकारों को स्वास्थ्य एवं बीमा संबंधी लाभ प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में पत्रकारों के लिए गोल्डन हेल्थ कार्ड और टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी जैसी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शत-प्रतिशत चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही हैं। अब अन्य पत्रकारों को भी इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। प्रेस मान्यता नियमावली में तहसील स्तर तक मान्यता का प्रावधान किया जा रहा है। पत्रकार कल्याण कोष से संकटग्रस्त पत्रकारों को त्वरित गति से सहायता दी जा रही है। इस दौरान पत्रकारों ने सुझाव दिया कि कुमाऊं मंडल के समाचार पत्रों की निरीक्षा हल्द्वानी स्थित मीडिया सेंटर से की जाए, क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों से डाक द्वारा समाचार पत्रों के समय पर न पहुँच पाने के कारण वे निदेशालय स्तर पर अनियमित माने जाते हैं। इस पर संयुक्त निदेशक ने स्पष्ट किया कि यदि कोई समाचार पत्र जिला सूचना कार्यालय में नियमित है, तो उसे नियमित ही माना जाएगा। इस संबंध में पहले से ही आदेश जारी हुए हैं। पत्रकारों ने यह भी आग्रह किया कि शासन से संबंधित कई कार्यों के लिए बार-बार देहरादून जाना पड़ता है, यदि ऐसे कार्य हल्द्वानी स्थित मीडिया सेंटर से ही हो सकें तो उन्हें राहत मिलेगी। इस पर डा. उपाध्याय ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस विषय में उच्चाधिकारियों से बात कर कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस मौके पर जिला सूचना अधिक. ारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी मीडिया सेंटर हल्द्वानी प्रियंका जोशी सहित जनपद के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया एवं समाचार पोर्टलों से जुड़े कई पत्रकार मौजूद रहे।

## हल्द्वानी के सूबेदार शंकर नाथ ने एवरेस्ट फतह कर तिरंगा फहराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय सेना के पर्वतारोहण दल में शामिल हल्द्वानी निवासी सूबेदार शंकर नाथ गोस्वामी ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848



मीटर) फतह कर देश, प्रदेश और अपनी यूनिट का नाम रोशन किया है। सेना की ओर से एवरेस्ट मिशन में शामिल शंकर ने साहस और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए चोटी पर तिरंगा फहराया। शंकर नाथ वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं और 16 कुमाऊं रेजिमेंट से संबंध रखते हैं। मूल रूप से अल्मोड़ा जिले की भनोली तहसील के रहने वाले शंकर का वर्तमान में डहरिया पानपुर हल्द्वानी में रहते है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 11 अप्रैल को नई दिल्ली से शुरू हुआ और 50 दिनों की कठिन यात्रा के बाद 27 मई को एवरेस्ट की चोटी पर विजय प्राप्त की गई। शंकर नाथ इससे पहले भी त्रिशूल, राजरंभा, गोरीचेन, देवटिब्बा और बैसाखी जैसी ऊंची पर्वत चोटियों को फतह कर चुके हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भोजन माताओं का देहरादून में धरना प्रदर्शन दो जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड प्रगतिशील भोजन माता संगठन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर न्यूनतम वेतनमान लागू किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए आगामी दो-तीन जून को देहरादून में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।उत्तराखंड के कुमायूं से चार बस भरकर भोजन माताएं देहरादून कूच करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रगतिशील भोजन माता संगठन की अध्यक्ष शारदा ने बताया कि उत्तराखंड सरकार हमें भो जन माता कहती है लेकिन मात्र 3000 मासिक मानदेय देती है।वह भी 11 माह का देती हैं और जून का मानदेय नहीं देती हैं उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय में कुछ साल पहले भोजन माता को इतना कम मानदेय पर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा था कि यह तो सरकार गलत कर रही है जो कि संविधान का उल्लंघन है और न्यूनतम वेतन देने के आदेश जारी किया।लेकिन सरकार ने न्यायपालिका के आदेश को अभी तक लागू नहीं किया है।उत्तराखंड के शिक्षा सचिव ने पिछली बार 7000 रुपए का प्रस्ताव भोजन माता के मानदेय का सरकार को भेजा गया लेकिन अभी तक ठंडे बस्ते में ही पड़ा है।उन्होंने कहा कि अगर बात सां. सदों और विधायकों की वेतन बढ़ाने पेंशन, भत्ते दुगने करने और तिगुने करने की हो तो तुरंत पास हो जाते हैं लेकिन भोजन माता को 20 से 25 साल हो गए काम करते हुए लेकिन अभी तक मात्र ₹3000 ही दिया जाता है।कहा कि भोजन माता को पद से हटाने की तलवार हर समय उनके सिर पर लटकी रहती है। तमाम तरीके की योजनाएं अपनआई जाती हैं बच्चे कम होना,भोजन माता का बच्चा विद्यालय में ना पढ़ना, रोजगार छीनने को अक्षय पसत्र फाऊंडेशन एनजीओ से तैयार भोजन की पैकेट की अनुम. ति देना आदि जैसी योजनाओं पर कार्य सरकार कर रही है।भोजन माता का 20 साल से लगातार संघर्ष जारी है लेकिन आज तक भोजन माता को सरकारी कर्मचारी भी घोषित नहीं किया गया है।सरकार की भोजन माता विरोधी योजनाओं को सहन नहीं किया जाएगा। इसी को लेकर दो जून को गांधी रोड पंडित दीनदयाल पार्क में धरना प्रदर्शन किया जाएगा और तीन जून को भोजन माताएं मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगी।

## शराब तस्कर के घर से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** शनिवार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतापपुर चौकी पुलिस ने अवैध नशे का कारोबार चलाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ग्राम कच्ची खमरिया में गुरप्रीत सिंह उर्फ बॉबी पुत्र बलविंदर सिंह के घर पर दबिश दी, तो एक ट्यूब में 45 लीटर तथा 62 लीटर पाउच (कुल 107 लीटर ) कच्ची शराब बरामद की गई। छापे की भनक लगते ही गुरप्रीत सिंह उर्फ बॉबी मौके से फरार हो गया। फरार शराब तस्कर के विरुद्ध विरुद्ध थाना नानकमत्ता में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही नीरज नेगी, गिरीश चंद्र शामिल हैं।

# मानसून की तैयारी को हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मानसून तैयारी कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए आपदा मित्र योजना की तर्ज पर "आपदा सखी योजना" प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा इस योजना के शुरू होने से महिला स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व चेता. वनी, प्राथमिक चिकित्सा, राहत एवं बचाव कार्यों, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यशाला आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाली चुनौतियों के बेहतर प्रबंधन के लिए सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से उत्तराखण्ड संवेदनशील राज्य है। हमें बीते वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेते हुए काम करना है।

सचिव, आपदा विनोद कुमार सुमन ने बताया कि यह कार्यशाला मानसून से पूर्व की तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए की जा रही है। उन्होंने बताया कार्यशाला में मौसम पूर्वानुमान, बाढ़ पूर्वानुमान, ईडब्ल्यूएस की निगरानी और प्रसार , भूस्खलन पूर्व चेतावनी प्रणाली, भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण के लिए भू-जांच की आवश्यकता, संसाधन और परिचालन संबंधी तैयारी, ग्लेशियर निगरानी, मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव, मार्गों पर भूस्खलन एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। जिसका लाभ आने वाले समय में राज्य को मिलेगा। यहां अपर पुलिस अधीक्षक डा. उत्तम सिंह नेगी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सीओ आरडी मठपाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, एसीएमओ डा. राजेश आर्या, एआरटीओ नवीन कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, विद्युत उमाशंकर चतुर्वेदी, जल निगम सुनील जोशी, सिंचाई एके जौन, पिटकूल राजेश कुमार चौबे, राकेश बिजलवाण, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, एसडीआरएफ के जितेन्द्र गिरी, एसडीओ बीएसएनएल रोहित कुमार दीक्षित, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एसके शर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### अवैध शराब के साथ एक युवक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उच्च अधिकारियों के आदेश के क्रम में खटीमा पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आलावृदि खटीमा निवासी एक अभियुक्त मनजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह को 60 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक किशोर पंत, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल धनीराम शामिल रहे।

### जसपुर में लगभग एक हफ्ते के अंदर दो मोटरसाइकिलें चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुराना अस्पताल रोड के पास से रात्रि के दौरान एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपुर के मौहल्ला भूप सिंह निकट सक्कों वाली मस्जिद निवासी महेंद्र सिंह ने विगत 29 मई की शाम पुराना अस्पताल रोड के पास खाली पड़ी भूमि में अपनी मोटर साइकिल खड़ी की थी और उसके बाद घर जाकर उन्हें नींद आ गई । इसी बीच कोई व्यक्ति उनकी मोटरसाइकिल चोरी करके ले गया। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनकी मोटरसाइकिल की छानबीन कर रही है और मोटरसाइकिल स्वामी भी अपने स्तर से चोरी हुई मोटरसाइकिल का पता लगाने में जुटे हुए हैं। लेकिन समाचार लिखने तक उनकी मोटरसाइकिल का कहीं कोई पता नहीं चल पाया ।

ज्ञात हो कि हाल ही में काशीपुर रोड स्थित दीनदयाल पार्क के पास से समीपवर्ती गांव भगवंतपुर निवासी राजीव कुमार की मोटरसाइकिल भी चोरी हो गयी थी। जब वह एक फाइनेंस कंपनी में पुरानी कार फाइनेंस करने के लिए गए हुए थे जिसकी खबर आपके प्रिय अखबार शाह टाइम्स ने 26 मई के अखबार में प्रकाशित हुई थी लगातार दूसरी घटना के बाद कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल ने पुलिस टीम से जल्द मामले के खुलासों के आदेश दिए हैं ।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर संत कबीर मंडल रुद्रपुर के द्वारा उदय भारतीयम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का माल्यार्पण कर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभी वक्ताओं के द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक धीरेंद्र मिश्रा, स्वाति शमा, नवदेव शर्मा, जितेंद्र सिंधु, गिरीश पाल, सुनील बाल्मीकि, चंद्रसेन चंदा एवं सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### विधायक रविन्द्र सिंह नेगी का ठुकराल ने अकिया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र सिंह नेगी का पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने अपने निवास पर स्वागत किया और पहली बार आगमन पर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक रविन्द्र सिंह नेगी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल से उत्तराखण्ड के राजनैतिक हालातों को लेकर विस्तार से चर्चा की। कुछ देर विश्राम के पश्चात विधायक रविन्द्र नेगी हल्द्वानी के लिए रवाना हो गये। इस दौरान उनका स्वागत करने वालों में समा. जसेवी संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, ललित सिंह बिष्ट, अजय ठुकराल, दीपक ठुकराल, राजू कक्कड़, सोनाई मंडल, गोविंद सिंह बिष्ट आदि भी शामिल थे।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में साहसिक और रोमांचक गतिविधियों का सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिगंत हुरिया, विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। बच्चों ने स्वागत गीत, सुरमय संगीत, पश्चिमी नृत्य, भांगड़ा, गिद्दा तथा सिखों की पारंपरिक युद्ध कला गतका का सुंदर प्रदर्शन किया। रंगमंच पर छात्र-छात्राओं ने अपनी नाट्य प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। साथ ही विद्यालय प्रांगण में विशेषज्ञों की उपस्थिति में बच्चों ने अपनी फोटोग्राफी, राल कला ( रेजिन आर्ट), कलात्मक एवं व्यावहारिक हस्तकला ( आर्ट एंड क्राफ्ट), कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े रोबोटिक्स (एआई रोबोटिक्स), और हवाई जहाज मॉडलिंग ( एयरो मॉडलिंग) जैसी प्रतिभाओं की प्रदर्शनी लगाई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले श्रीकांत राठौर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** कोतवाली क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कोतवाली पुलिस के पेज कसेंगे। इसके अलावा एसएसपी उधमसिंहनगर को दिए जाएंगे कड़े निर्देश।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से देहरादून में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने उनके आवास पर मुलाकात करते हुए किच्छा क्षेत्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था की उन्हे जानकारी दी की किस प्रकार पुलिस की लापरवाही के चलते किच्छा विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होने तथा अपराधियों द्वारा खुलेआम फायरिंग एवं गुंडागर्दी किया जाना आम हो गया है। श्रीकांत राठौर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को देहरादून में उनके आवास पर बताया कि कोतवाली क्षेत्र में किस प्रकार गुंडा एलिमेंट आराजकता फैलाकर कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिससे हम सब नागरिक भयभीत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने श्रीकांत राठौर को भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था कड़ी करने के लिए कोतवाली किच्छा के पेज कसे जाएंगे। इसके अलावा एसएसपी उधमसिंहनगर को कड़े निर्देश दिए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा की सरकार ने भयमुक्त समाज की स्थापना की है किसी को भी गुंडई करने तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। अपराधी तत्वों को उनका मूल स्थान जेल पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा श्रीकांत राठौर ने किच्छा क्षेत्र की तमाम समस्याओं के संबंध में भी अवगत कराया तथा समस्याओं के समाधान कराए जाने की अपील की। जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

# पत्रकारों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में पत्रकार सम्मान समारोह सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया।

इस दौरान सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कौशिक ने की। सभा को भारतीय किसान यूनियन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, डॉक्टर यूनुस चौधरी, हरि ओम सिंह, विजय जोशी, शरीफ खान ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि 30 मई 1826 को भारत के प्रथम हिंदी साप्ताहिक अखबार के रूप में शुरुआत हुई थी हमारे देश के सबसे पहले हिंदी उदंत मार्तंड हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र पर चर्चा करते हुए उदंत मार्तंड समाचार पत्र के संस्थापक पंडित जुगल किशोर शुक्ल के जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा पत्रकार के कई कर्तव्य होते हैं। जिनका उद्देश्य सत्य को उजागर कर जनता को सूचित करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना ,सटीक और ईमानदारी से जनता के हित की रक्षा करना, कमजोर और भेदभाव का शिकार लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हैं।प्रेम सिंह सहोता ने पत्रकारों के हित की बात उठाते हुए कहा कि पत्रकार जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करता है ,लोगों से दुश्मनी मोल लेता है, पत्रकार को धमकियां मिलती हैं ,सरकार तथा सामाजिक संगठनों को पत्रकारों के हित के लिए कुछ सोचना होगा।

इस मौके पर दिनेश कौशिक, डॉक्टर यूनुस चौधरी, प्रेम सिंह सहा. ेता, हरिओम सिंह, विजय जोशी, रईस अहमद ,शहजाद सिद्दीकी, आलम रजा ,नीरज कुमार,महेन्द्र राही, डॉक्टर गुलाब सिंह राणा,प्रदीप श्रीवास्तव, अंकुर जैन, पराग अग्रवाल, शरीफ खान, उस्मान, अजय, सीपी सिंह, सुमित चौधरी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को सम्मानित किया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पुष्कर सोसायटी के द्वारा के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।आस्थान मॉल में सेवानिवृत्त कर्नल व पत्रकार नवीन पोखरियाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डा. जफर सैफी के संचालन में समपन्न हुये कार्यक्रम का शुभारम वरिष्ठ पत्रकार एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद पपने एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं मुख्य वक्ता गणेश रावत के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता पर अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने ने हिंदी पत्रका. रिता के इतिहास का जिक्र करते हुए आजादी की लड़ाई से लेकर वर्तमान में हिंदी पत्रकारिता के द्वारा देश व सामाज के निर्माण में निभायी जा रही सार्थक भूमिका का जिक्र किया।उन्होंने कहा कि मौजूदा पत्रकारो एवं मीडिया संस्थानों के द्वारा हिंदी अखबारों में लगातार किये जा रहे अंग्रेजी शब्दों के उपयोग पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं मुख्य वक्ता गणेश रावत ने हिंदी पत्रकारिता के कल-आज का जिक्र को हुये देश में हिंदी व अंग्रेजी पत्रकारिता की शुरूआत के इतिहास के बारे में बताते हुए पत्रकारिता के मापडंडों का अनुशरण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट एवं टैक्स बार एसो रामनगर के अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे ने संविधान दिवस पर बार की ओर से पत्रकारों को सम्मानित करने की घोषणा करते हुए पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की विशिष्ट अथिति व प्रिंसिपल अनिता रावत ने हिंदी पत्रकारिता की महिमा का गुणगान करते हुए वर्तमान समय ने सोशल मीडिया के दौर में पत्रका. रिता के गिरते हुए स्तर पर चिंता जतायी।पुष्कर सोसायटी की चेयरपर्सन पूनम गुप्ता, अनिता रावत, पूरन पांडे के द्वारा विनोद पपने, गणेश रावत,हरीश भट्ट,डॉ जफर सैफी, राजीव अग्रवाल, बंटी अरोरा, कैलाश सुयाल, कैफ खान, हरीश भट्ट, चंद्रशेखर जोशी, रागिब खान, नाजिम सलमान, चन्द्रसेन कश्यप, नवीन पोखरियाल, नदीम वारसी, नावेद सैफी, रुबीना सैफी, विमला अधिकारी, अमित बेलवाल, विक्की कश्यप, गणेश कुमार गगन, अनिल पाठक, फरीद कुरेशी, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपने आदि पत्रकारो को सम्मानित किया गया। सीबीएससी बोर्ड से हाईस्कूल उत्तीर्ण करने पर अरमान सैफी को भी समान्नित किया गया।इस दौरान पूनम गुप्ता, अनिता रावत, पूरन पांडे, सुबोध राणा, विनीत सैनी, हेमा जोशी, कल्पना जोशी, नीतू चौहान, खुशी शर्मा, रोनक बत्रा आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू मुक्त देवभूमि चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू मुक्त देवभूमि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में सीएमएस डा. पीडी गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान के अंतर्गत पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम- 2023, सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदते समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इसी के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी। इस मौके पर डा. महेंद्र सिंह जैसवाल, डा. तैयब, रीना, रंजीत, गीता शर्मा, डॉक्टर आकांक्षा, सरोज, संगीता आदि मौजूद रहे।

# बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ भव्य समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** धर्मशाला शिव मंदिर में बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन सैकड़ों भक्तों, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में धूमधाम से हुआ। मंदिर में विद्वान पंडितों द्वारा बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा अर्चना भी की।

श्री धर्मशाला मंदिर समिति के तत्वावधान में धर्मशाला मंदिर परिसर से खाटू श्याम बाबा की नगर में कलश और निशान यात्रा बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पुष्प वर्षा कर 56 भोग प्रसाद आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं समापन समारोह में साथी ने बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में महिलाओं में खाता उत्साह देखने को मिला था। आज शनिवार दोपहर 11:00 बजे प्राण प्रतिष्ठा समापन आरती व भोग भंडारा, दोपहर 12:00 बजे बाबा का श्रृंगार, संकीर्तन 3:00 बजे तक किया गया। संकीर्तन में प्रमुख भजन गायिका वंशिका गुप्ता, भजन गायक नागेंद्र सूर्यवंशी द्वारा बाबा श्याम के महामंडल का गुणगान किया गया, जिसमें मौजूद भक्तों ने भक्ति में लीन होकर कीर्तन सुना। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अशोक कंबोज, सचिव नीलेश अग्रवाल, सौरव गर्ग, हरीश कुमार, प्रदीप अग्रवाल, अवलोक जैन, आलोक सिंगल, संजय गोयल, राजेंद्र गर्ग, पीयूष अग्रवाल, पंडित प्रेम पंत के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हजरत-ख्वाजा-गरीब-नवाज का खटीमा में 64 वां उर्से पाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीम।** बड़ी शानो-शौकत के साथ पुरानी तहसील रोड खटीमा मे गाड़ी हजरत ख्वाजा गरीब नवाज का 64 वां उर्से पाक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कव्वाल डीवीडी सिंगर ताहिर चिश्ती बरेली से और साजिद साजन घुंघरू वाले बिजनौर से तशरीफ ला रहे है। 2 जून को रात्रि 9:30 से शानदार मिलादेपाक, 3 की रात्रि 9:30 से शानदार कव्वालियों तथा 4 जून की सुबह 07 बजे कुलशरीफ व पूर्वाह्न 11:00 से लंगर का आयोजन किया जाएगा। वहीं ख्वाजा कमेटी के सदस्य जाकिर हुसैन सकलैनी चिश्ती ने क्षेत्र की समस्त जनता से महफिल में रौनक बढ़ाने की अपील की है। आयोजन समिति में जाकिरहुसैन, सकलैनी. चिश्ती,शमशुल हसन, मोहसिन वैग, जिशान उवैशी, गुड्डू खां, वसीम रिजवी, शफीक रंगरेज, अनबर रंगरेज, शकिल अंसारी, अजहर सिद्दीकी, शब्बू सिद्दीकी, सलीम अहमद तथा अनबर फरीदी आदि शामिल हैं।

# जेसीज पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में समर कैम्प का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधान के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक सुधांशु पंत एवं प्रधानाचार्य आरडी. शर्मा ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि समर कैम्प में विद्यार्थियों को नए कौशल सीखने का अवसर प्राप्त होता है। कक्षा के वातावरण से विद्यार्थियों में अलग जीवन से सबक लेने तथा प्रकृति के सानिधय में प्रशिक्षण से आत्मविश्वास एवं नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। इससे विद्यार्थियों की स्वाभाविक रुचि को विकसित करने तथा सर्वांगीण विकास का अवसर मिलता है।

विद्यार्थियों द्वारा समर कैम्प में सीखे गए शास्त्रीय, पाश्चात्य एवं लोकनृत्य, गायन एवं वादन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।




विद्यार्थियों ने कैम्प के दौरान सिखाई गई विभिन्न क्रियाकलापों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने क्रिकेट, स्केटिंग, योग, जुम्बा, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, तैराकी तथा आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस आदि गति. विधियों से सम्बन्धित अनुभवों को दर्शकों के साथ साझा किया।

विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जेसीज में पढाई के साथ-साथ अनेक क्रियाकलापों पर भी धयान दिया जाता है तथा विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक प्रतिभा एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यालय द्वारा जो प्रयास किये गए हैं वह वास्तव मे प्रशंसनीय हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा किये गए प्रयासों की भरपूर सराहना की।

अंत में आगंतुकों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का धान्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समर कैम्प में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों की चहुंमुखी प्रतिभा का विकास होता है। वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधायों एवं क्रियाकलापों का अतिरिक्त ज्ञान विद्यार्थियों के लिए नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की रुचियों के अनुरूप प्रशिक्षण उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल वितरित किए गए।

## संबध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपनी पुत्री ब्रिजेश ठाकुर व उसके बच्चों को मनमानी करने व बात ना मानने तथा वाद विवाद से तंग आकर पुत्री ब्रिजेश ठाकुर व उसके बच्चों को अपनी चल व अचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर संबध विच्छेद कर लिए हैं, जो भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, हमारा या हमारे किसी भी अन्य सदस्य को कोई लेना देना नहीं होगा।

**शोभा शाहा पत्नी स्व. मिन्टू शाहा**
**निवासी- गांधी नगर वार्ड नं. 1,**
**गूलरभोज रोड**
**जिला उधम सिंह नगर**

# चालक को आई नींद की झपकी, अनियंत्रित होकर घर में जा घुसा डंपर

**पति-पत्नी और चालक सहित तीन लोग घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 74 पर काशीपुर रोड स्थित ग्राम महेशपुरा में रुद्रपुर की तरफ से आ रहै तेज रफ्तार हाइवा डंपर का कहर उस वक्त देखने को मिला। जब डंपर चालक को नींद की झपकी आते ही



एक घर में हाइवा डंपर जा घुसा। जिसमें पति ओम प्रकाश उसकी पत्नी राजवती सहित डंपर चालक सुखपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और घर की दीवारें भी टूट गई।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। घर में हाइवा डंपर घुसने की सूचना मिलने पर दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। दोराहा पुलिस ने घायलों को बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाजपुर उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोराहा पुलिस ने हाइवा डंपर को भी अपने कब्जे में ले लिया है। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चंद्र बेलवाल ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है और हाइवा डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक पूछताछ में पता चला है कि हाइवा डंपर चालक तीन दिन से लगातार जागकर वाहन को चला रहा था। इसी वजह से हाइवा डंपर चालक को नींद की झपकी आने के कारण हाइवा डंपर अनियंत्रित होकर घर में जा घुसा। राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 74 पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे हाइवा डंपर पर लगाम लगाना आवश्यक हो गया है। बेकाबू चल रहे डंपरों की चालानी कार्यवाही पुलिस प्रशासन खुद करें।

# करोड़ों की ठगी का महारहस्य उजागर

**■ एसएसपीकी अगुवाई में पुलिस ने दबोचे शातिर ठग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी त्रमणिकांत मिश्रा के सख्त रुख और तेज-तर्रार रणनीति ने भोले-भाले लोगों के खातों से पैसा उड़ाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में दो शातिर ठगों को धर दबोचा है, जबकि उनके दो साथी अभी भी कानून की गिरफ्त से दूर हैं।

29 मई 2025 को रुद्रपुर की शांति कॉलोनी निवासी हरबंस लाल ने शिकायत दर्ज कराई कि 19 मई को उनके बैंक खाते से लगभग 50,000 धोखे से निकाल लिए गए। यह सिर्फ एक छोटी रकम नहीं थी, बल्कि एक बड़े अपराध की पहली कड़ी थी। पंतनगर थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने इस धोखाधड़ी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया और एक हाई-टेक जांच का आदेश दिया। साइबर सेल और सर्विलांस की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए, पुलिस ने संदिग्धों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर, रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने जाल बिछाया। ऑपरेशन सफल रहा। पुलिस ने दो मुख्य अभियुक्तों मनोज सैनी निवासी काशीपुर और अजय सैनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने अपनी कहानी खोली। उन्होंने स्वीकार किया कि वे अपने दो फरार साथियों पुष्पेन्द्र और सतपाल (दोनों मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के निवासी) के साथ मिलकर यह खेल खेलते थे। उनका तरीका था लोगों को "ऑनलाइन गेमिंग" के जरिए रातों-रात अमीर बनने का सपना दिखाना। इसी लालच का फायदा उठाकर, वे लोगों को अपने विश्वास के जाल में फंसाते और उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते थे। उन्होंने बताया कि ये अपराध वे अपने महंगे शौक पूरे करने और "कम समय में ज्यादा पैसा" कमाने के जुनून में करते थे। पुलिस को पता चला कि यह गिरोह सिर्फ उत्तराखंड तक ही सीमित नहीं था। इन शातिर अपराधियों ने उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना सहित देश के 15 अन्य राज्यों में भी ऐसी ही धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। एक संदिग्ध खाता संख्या 0242102000009386, जो करोड़ों की ठगी का गवाह है, इस गिरोह के विशाल नेटवर्क को दर्शाता है। अब, पुलिस के सामने चुनौती है कि वे फरार चल रहे पुष्पेन्द्र और सतपाल को भी जल्द से जल्द सलाखों के पीछे लाएं। पुलिस टीम में मनोज रतुड़ी, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली रुद्रपुर, अमर चंद शर्मा, प्रभारी निरीक्षक, काशीपुर, उ.नि. प्रदीप कोहली, चौकी प्रभारी, रमपुरा, उ.नि. मोहन चंद्र जोशी, कोतवाली रुद्रपुर, उ.नि. प्रियांशु जोशी, चौकी रम्पुरा, उ.नि. संतोष देवरानी, कोतवाली काशीपुर, विपुल जोशी, रीता चौहान, साइबर सेल, का.महेंद्र कुमार, ज्योति चौधरी, साइबर सेल मौजूद थे।

# अवैध चरस के साथ तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थाना झनकईया क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए 281.18 ग्राम अवैध चरस, एक मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन सहित तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

उच्च अधिकारियों के आदेश के क्रम में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना झनकईया पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए भारत नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट बस स्टैंड के पास से मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल में सवार तीन अभियुक्तों के कब्जे से 281.18 ग्राम अवैध चरस बरामद किया तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना झनकईया में धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। बरामद अवैध चरस की कीमत लगभग ₹50000 बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त संजीव कुमार उम्र 27 वर्ष पुत्र शांति स्वरूप ग्राम मैदना पिपरिया थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत, नरेश पाल उम्र 18 वर्ष पुत्र परमानंद ग्राम सैजना वनकटी थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत तथा अर्जुन कुमार उम्र 18 वर्ष पुत्र रमेश राम गनौला थाना लोहाघाट जनपद चंपावत के निवासी हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना झनकईया प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गौरव, उपनि. रीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, कांस्टेबल रमेश सिंह जीना, तथा एसएसबी टीम में एसी सुरेंद्र सिंह सम्याल, एएसआई अमरुत भाई परमार, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार तथा आदित्य मलिक शामिल थे।



## एक नजर

### सीए प्रमोद मित्तल के नये कार्यालय का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आवास विकास में सीए प्रमोद मित्तल के नये कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने पहुंच कर सीए प्रमोद मित्तल को नये कार्यालय भवन की शुभ कामनाएं दीं। इधर श्रीमती शर्मा ने कार्यालय उद्घाटन अवसर पर पहुंचे सांसद अजय भट्ट से भी शिष्टाचार मुलाकात की। यहां कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मुकेश बशिष्ठ, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, ताराचंद अग्रवाल, सुनील आर्य सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती हुआ कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा कलश यात्रा एवं शिव मंदिर मे कीर्तन का आयोजन किया गया। साध्वी हरिद्वार गिरी, साध्वी भगवान गिरी को सम्मानित किया। यहां महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपिका चुफाल, नगर मंडल अध्यक्ष सुमन धामी, रघुवीर सिंह बिष्ट, सुशीला उपाध्याय, अनिता सामंत, गीता पांडे, गीता पांडे, शोभा भट्ट, महिला मोर्चा की समस्त बहने एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही।



### स्लॉटर हाउस को लेकर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में स्लॉटर हाउस को लेकर चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है।नगर पालिका चेयरमैन हाजी मोहम्मद अकरम और सभासदों के बीच इस मुद्दे पर सीधी टकराव की स्थिति बन गई है। शनिवार को नगर पालिका में सभासदों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेयरमैन पर कई गंभीर आरोप लगाए।वहीं चेयरमैन अकरम ने भी पलटवार करते हुए सभासदों पर भ्रष्टाचार के आरोप जड़े हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभासदों ने कहा कि चेयरमैन द्वारा मीडिया में दिए गए सभी आरोप निराधार और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के सभी कार्य और निविदाएं पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से होनी चाहिए, ताकि जवाबदेही बनी रहे,सभासदों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्लॉटर हाउस को खोलने के पक्ष में हैं, लेकिन यह कार्य नियम और प्रक्रिया के अनुसार ही होना चाहिए।कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष को भी नियमावली का पालन करते हुए निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अध्यक्ष बिना पालिका बोर्ड की सहमति के क्यों निर्णय ले रहे हैं।वहीं दूसरी ओर नगर पालि. का चेयरमैन हाजी मोहम्मद अकरम ने भी मीडिया से बात करते हुए सभासदों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह खारिज किया।उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि दो सभासदों ने, जो पहले स्लॉटर हाउस का संचालन कर चुके हैं।उनसे कमीशन की मांग की थी,चेयरमैन ने आरोप लगाया कि बाजार क्षेत्र के एक भाजपा सभासद ने उनसे स्लॉटर हाउस में कटे जानवरों की खाल और मांडा (अवशेष) से होने वाली आमदनी में हिस्सेदारी की मांग की।

चेयरमैन अकरम ने कहा कि कुछ सभासदों की नजर सिर्फ स्लॉटर हाउस से निकलने वाली खाल-मांडा की कमाई पर है, एक भैंस की मांडा की कीमत करीब 1200 से 1300 रुपये होती है, ये लोग चाहते हैं कि इसका बंटवारा सभासदों के बीच किया जाए और इसलिए मुझ पर ठेका देने का दबाव बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्लॉटर हाउस अब किसी ठेकेदार को नहीं दिया जाएगा, बल्कि नगर पालिका खुद इसका संचालन करेगी, चेयरमैन ने यह भी साफ कर दिया कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएंगे और स्लॉटर हाउस का संचालन पूरी तरह संविधान और नगरपालिका एक्ट के तहत किया जाएगा। चेयरमैन ने आरोपों के पक्ष में दस्तावेजी साक्ष्य होने का दावा भी किया और कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह जांच के लिए तैयार हैं।इस दौरान प्रेसवार्ता में सभासद शमीम अहमद, सभासद सलमान सलमानी, सभासद सचिन कुमार, सभासद मोहम्मद अजमल, सभासद नवीन सुनेजा,सभासद राहुल रावत,सभासद पारस गोला, सभासद सोनू करीम, सभासद मोहम्मद नदीम अंसारी, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद दीपा,सभासद विक्रम भट्ट आदि मौजूद रहें।

### दर्जा राज्य मंत्री बिष्ट का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड भाजपा सरकार में नवनियुक्त राज्य मंत्री उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट ने शनिवार को खटीमा विधानसभा का दौरा किया। जहां प्रथम बार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया तथा शुभकामना दी।



वहीं पीडब्लूडी गेस्ट हाउस परिसर में खटीमा नगर मण्डल अध्यक्ष जीवन धामी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट ने उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यशैली तथा उनके नेतृत्व की सराहना की। नवनिर्वाचित राज्यमंत्री उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद हेम. राज बिष्ट ने पद उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खडायत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, किशन सिंह बिष्ट, संतोष अग्रवाल, कामिल खान, रोहित गुप्ता, राहुल सक्सेना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुडेला, सावित्री कन्याल, अनीता ज्याला, ,तारिक मलिक, इंदिरा चंद, भावना चंद ,तारा बिष्ट, संगीता राणा, बीना कनौजिया, ओम प्रकाश ठाकुर, सतीश भट्ट, अमित जोशी, मोहित जोशी, राहुल चौहान, मोहित पोखरिया, ईश्वरी दत्त पांडे, बलदेव सिंह, जावेद रजा, सूरज धामी, राशिद मिर्जा, रमेश चंद्र जोशी, रमेश चंद, विश्वनाथ यादव, राजेंद्र सिंह, कुंदन सिंह बोरा, रविंद्र राणा, प्रेम प्रकाश जोशी, हाफिजुर रहमान, भुवन जोशी, अजय सिंह, ललित मोहन जोशी, रेखा, मुन्ना आढ़ती, अमन, आफताब, अनवार मलिक, जफर खान, अरशद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केआईटीएम महाविद्यालय ने किया पत्रकारों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित केआईटीएम महाविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर केआईटीएम प्रकाश पत्रकारिता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकारों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित भव्य सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान, समर्पण, निष्पक्ष लेखन, समाज सेवा तथा जनता और सरकार के बीच मजबूत सेतु का कार्य करने, समाज और राष्ट्र की एकता, भाईचारा व आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए समाज व राष्ट्र की चिंता कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उपस्थित समस्त पत्रकारों के कार्यों की सराहना।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार खड़क सिंह गैड़ा, हरीश मेहरा, दीपक फुलेरा, दिनेश खर्कवाल, धीरेंद्र मोहन गौड़, हीराचंद राजपूत, बाबूलाल यादव तथा गोरख नाथ आदि सहित कई पत्रकारों ने हिंदी पत्रकारिता के उद्भव विकास और महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने आ रही चुनौतियों और कठिनाइयों, पत्रकारिता के गिरते हुए स्तर आदि तमाम महत्वपूर्ण बिंद. ुओं पर विचार साझा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पत्रकारों को केआईटीएम महाविद्यालय की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

यहां जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन के विभागाध्यक्ष विवेक सक्सेना सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित वरिष्ठ पत्रकार इश्तियाक अंसारी, मुस्तकीम मालिक, सूरज गुसाईं, गगन सिंह, सुनील सैनी, विनीत राणा, परमजीत सिंह पम्मा, केदार सोनकर, उत्तम कुमार, अरविंद कुमार तथा एसके राय सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# तंबाकू के विरुद्ध चलाया गया जन-जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** 31 मई को मनाए जाने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं परिक्षेत्र, नैनीताल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के कुशल मार्गदर्शन में जनपद पिथौरागढ़ के समस्त थाना क्षेत्रों में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललिम मोहन जोशी एवं प्रभारी एएनटीएफ/एसओजी मनोज पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम उ.नि. कमलेश जोशी, हे.का. अशोक बुदियाल (एसओजी), का. सोनू कार्की (एसओजी) एवं का. सतेंद्र सुयाल (एसओजी) तथा न्यू बियरशिबा स्कूल के छात्रों के साथ केमू चौकी पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों पर नारे लगाए गए तथा तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की शपथ ली गई। अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा स्थानीय नागरिकों को कोटपा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों से 100 मीटर की दूरी के भीतर स्थित दुकानों के मालिकों एवं संचालकों को यह सख्त निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान मानस नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 के बारे में भी लोगों को जानकारी प्रदान की गई।

### तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ठा. श्यामसिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज टनकपुर में तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमे इको क्लब मिसन फॉर लाइफ श्के तहत इको क्लब प्रभारी कैप्टेन एलडी तिवारी ने छात्रों को तम्बाकू सेवन से होने बाली बीमारियों के बारे में विस्तार से समझाया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि धूम्रपान, से केवल उसी व्यक्ति के फेफड़े खराब नही होते जो इसका सेवन कर रहा है बल्कि उस व्यक्ति के जीवन पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है जो उसके आसपास या संपर्क मे है। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक छात्र को केवल तम्बाकू ही नही इस प्रकार कि अन्य सभी बुराईयों से भी दूर रहने का आह्वान किया। तथा भविष्य मे हर प्रकार के नशे से दूर रहने को कहा।

# पुलिस ने कच्ची शराब सहित एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में नशे के विरुद्ध और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर कोतवाली के एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा कोसी नदी बाजार घाट की तरफ चेकिंग के दौरान कुंवर सिंह उर्फ डंपी पुत्र बृजमोहन कश्यप निवासी जगन्नाथपुरबाजपुर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से नीले रंग का पलास्टिक कट्टा बरामद कर लिया है, जिसमें कट्टे के अंदर से लगभग 52 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई हैं।

सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा, ने बताया कि आगे भी क्षेत्र में पुलिस द्वारा कच्ची शराब तस्करों की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा, कां. जरनैल सिंह, बलवंत सिंह, सचिन कुमार शामिल रहे।

# जिला पत्रकार संगठन ने किया पत्राकारों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर जिला पत्रकार संगठन ने अपनी सराहनीय गतिविधियों की श्रृंखला को जारी रखते हुए हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिला सूचना सभागार में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पाण्डेय की अध्यक्षता एवं सतीश जोशी के संचालन में मुख्य अतिथि प्रमुख समा. जसेवी एवं व्यापार संघ जिलाध्यक्ष सतीश जोशी द्वारा पाटी के सुरेंद्र लड़वाल, लोहाघाट के गौरी शंकर पन्त, चम्पावत से गिरीश बिष्ट व जीवन बिष्ट, टनकपुर से विनोद पाल व बनबसा से कुंदन बिष्ट को शाल ओढ़ाकर उन्हें प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हुई गोष्ठी में सभी पत्रकारों ने संगठन को विशेष सहयोग देने के लिए मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि जिला रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन राजेन्द्र गहतोड़ी ने पत्रकार संगठन द्वारा पिछले तीन वर्षों से शुरू की गई। इस रचनात्मक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नवोदित पत्रकारों का मनोबल बढ़ने के साथ उनकी कार्य संस्कृति में भी बदलाव आएगा। जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष चन्द्र बल्लभ ओली ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि संगठन के बल पर पत्रकारों को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओ से जोड़ने तथा उनकी संगठनात्मक शक्ति के बल पर हमे नए नए कार्य करने की शक्ति व सामर्थ मिलती रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार चन्द्र शेखर जोशी, दिनेश भट्ट, सुरेश उप्रेती, आबिद हुसैन, राजीव मुरारी, एलएम जोशी, लक्ष्मण बिष्ट, नवीन देउपा, विपिन जोशी, सुरेश तिवारी, सूरी पन्त, जगदीश जोशी, नवीन भट्ट, पंकज पाठक, संजय भट्ट, सचिन कुमार आदि लोग मौजूद थे।



# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर हुई गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई पर जिला सूचना कार्यालय पिथौरागढ़ सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बता दें 30 मई के दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है साल 1826 में 30 मई के दिन ही हिंदी का पहला अखबार उदन्त मार्तण्ड निकाला गया था जिसके संपादक जुगल किशोर शुक्ला थे

इस अखबार के पहली बार छपने के दिन को ही हिंदी पत्रका. रिता दिवस का दिन मान लिया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी गयी व शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रति. निधियों द्वारा हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डाला गया, हिन्दी पत्रकारिता में हो रहे बदलावों, सोशल मीडिया समेत अनेक बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पिथौरागढ़ में अनेक पदों पर की गई सेवाकाल की यादों को पत्रकारों के साथ सांझा करते हुए कहा कि अखबार की महत्वता आज भी बरकरार है, उन्होंने पत्रकारिता के बदलते स्वरूपों आजादी से पहले के दौर, अल्मोड़ा अखबार, टीवी, दूरदर्शन के दौर, वर्तमान के 24◦7 मीडिया चौनलों व आज। के दौर में सोशल मीडिया पर अपने विचार गोष्ठी में रखें। उन्होंने पत्रकारों के सुरक्षित भविष्य बीमा, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ ही पत्रकार कल्याण कोष की बात कही।

इस अवसर पर जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि, जिला सूचना अधिकारी संतोष चंद समेत जिला सूचना कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार न्यूजख्र18 विजयवर्धन उप्रेती द्वारा किया गया।

# आपदा को लेकर सतर्क रहें अधिकारी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून की संयुक्त रूप से की जा रही एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग किया गया एवं प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों एवं अधिकारियों को संबोधित किया।



जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जनपद पिथौरागढ़ के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि उनके विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण लिया गया है, तो उक्त कार्मिकों की सूची शीघ्र जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षित कार्मिक आपदाकाल के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का अनुपालन करने को कहा जिससे आपदा प्रबन्धन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन हेतु एनडीआरएफ के लिए जनपद में स्टेशन हेतु एचोली में भूमि चिन्हित कर ली गई है तथा एनडीआरएफ की 40 सदस्यीय एडवांस पार्टी धारचूला पहुंच चुकी है, जिसमें एक टुकड़ी को धारचूला एवं दूसरी को मुनस्यारी में तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदाकाल के दौरान राहत बचाव हेतु हेलीकॉप्टर उपलब्ध करने हेतु भी शासन से आग्रह किया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक आशीष पुनेठा समेत जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्पादों की गुणवत्ता और आकर्षक ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग सेमिलता है कहीं अधिक लाभ: सीडीओ

**■ सीडीओ डा. खाती ने श्यामलाताल क्षेत्र का दौरा कर उत्पादकों व समूहो से जुड़ी महिलाओं से किया संवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती ने श्यामलाताल क्षेत्र से अपना दौरा शुरू करते हुए यहां महिला स्वयं सहायता समूह, उत्पादकों से संवाद कर उनकी समस्याएं समझने के साथ उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने, आकर्षक पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के जरिए उसी उत्पाद का अधिक मूल्य प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

उन्होंने कहा खेत हमारे लिए इतना लाभदायक है कि जो हमे एक दाना बोने के बाद सौ दाना देता है। यदि हम अपने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक ज्ञान विज्ञान से जोड़कर खेती करे तो कम भूमि में अधिक उत्पादन कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध शहद, गुलाब जल, तेजपात एवं अन्ययान उत्पादों का स्थानीय स्तर पर शोधन एवं उसके बायोप्रोडक्ट तैयार करने से हम उत्पादक को बेहतर लाभ दे सकते है। यहाँ सभी उत्पाद जैविक है जिनका अपना अलग ही स्वाद एवं तासीर है। उन्होंने यहाँ के ग्रोथ सेंटर का भी निरीक्षण किया। सीडीओ ने अपने साथ गए अधिकारियों के दल से कहा की वे किसानों से किसी भी वस्तु का उत्पादन कराने के साथ उसकी मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखें, चूँकि सूखीढांग एवं श्यामलाताल स्वयं में एक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहां आने वाले पर्यटकों को हम यदि आकर्षक ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग के जरिए उन्हें यहाँ के उत्पाद उपलब्ध कराये तो उसी वस्तु की कीमत दुगनी हो जायेगी। उन्होंने यहाँ ऑनलाइन उत्पादों को बिक्री का भी ट्रेंड शुरू करने पर जोर दिया। डा. खाती का मानना है कि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों एवं समूहों के बीच आपसी तालमेल से यहाँ पारंपरिक उत्पादों के अलावा कई अन्य नए उत्पादों का उत्पादन किया जा सकता है। सीडीओ के साथ सीएओ धनपत कुमार, डीडीओ डीएस दिगारी, रीप के सहायक परियोजना अधिकारी प्रकाश पाठक, बीडीओ अशोक अधिकारी, जिला भेषद अधिकारी कमलेन्द्र यादव समेत विकास से जुड़े तमाम अधिकारी उनके साथ थे।

# पालिकाध्यक्ष जोशी ने खड़ंजा मार्ग में अतिक्रमण का लिया जायजा

**■ अतिक्रमण हटाने, वेंडर जोन तथा पार्किंग जोन बनाने की मांग की**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शनिवार को खड़ंजा रोड, पुरानी तहसील रोड, सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। जहां व्यापारियों ने तहसील रोड पर लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने रोड के मध्य लगने वाले ठेलो एवं कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे लगाने वाले फंडों की वजह से जाम की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि इससे दुकानदारी प्रभावित होती है एवं आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों ने जल्द से जल्द अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि सोमवार से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाकर तहसील रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि फड़, ठेला लगाने वालों के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर वेंडर जोन की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही बीजेपी नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा एवं व्यापारी नेता नीरज रस्तोगी के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष से शहर में पार्किंग जोन बनाने की भी मांग की।

इस अवसर पर संजय रस्तोगी, सुभाष पंचोली, अमित वर्मा, दिनेश भट्ट, धीरज अग्रवाल, किशन लाल गुप्ता, अजय अग्रवाल, मनोज बत्रा, विपुल अग्रवाल, कपिल रस्तोगी, कासिम सिद्दीकी, राहुल सक्सेना, अजहर सिद्दीकी, आशीष श्रीवास्तव, विजय कुमार, अन्नी चंद, शुभम पटवा तथा अर्पित कॉलोनी आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में शीतजल मात्स्यिकी की अपार संभावनाएं: राज्यपाल

## ट्राउट फार्मिंग पर अक्टूबर में होगा विशेष सेमिनार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शनिवार को राजभवन नैनीताल में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल के निदेशक अमित पाण्डे और प्रधान वैज्ञानिक डा.आरएस पतियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान, विकास और अन्य कार्यकलापों की विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने उत्तराखंड की जलवायु और प्राकृतिक संसाधनों को शीतजल मत्स्य पालन, विशेष रूप से ट्राउट फॉर्मिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों, युवाओं और उद्यमियों को इस दिशा में प्रेरित और जागरूक किए जाने की आवश्यकता है, ताकि वे मत्स्य पालन को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम बना सकें। राज्यपाल ने संस्थान को निर्देशित किया कि अक्टूबर माह में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाए, जिसमें वैज्ञानिकों, किसानों, उद्यमियों और मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से ट्राउट पालन की तकनीकों, लाभों और संभावनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श होगा तथा अधिक से अधिक लोगों को इस व्यवसाय से जोड़ने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा, ट्राउट मछली सुपरफूड की श्रेणी में आती है और इसका बाजार मूल्य भी अधिक है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ा लाभ हो सकता है। इस दौरान निद. ेशक अमित पाण्डे ने राज्यपाल को बताया कि संस्थान देश के पर्वतीय राज्यों में शीतजल मात्स्यिकी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्थान के विस्तार और क्षेत्रीय गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के लिए अवस्थापना विकास के लिए भूमि की आवश्यकता का भी उल्लेख किया। इस पर राज्यपाल ने यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चीफ फार्मासिस्ट दिनेश चंद्र पांडे को विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट चिकित्सालय के चीफ फार्मसिस्ट दिनेश चंद्र पांडे के सेनावृत हो जाने पर शनिवार को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गए। उनके मृदुल व्यवहार और कार्यक्षमता की खूब प्रशंसा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि श्री पांडे ने कर्मठता के साथ पूरे कार्यकाल में सेवा प्रदान की। उनके कार्यकाल को सदा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने मैदानी समेत पर्वतीय क्षेत्रों में विषम परिस्थितियों में अपनी सेवा प्रदान की है। उनका कार्यकाल बेदाग रहा और सदा प्रशंसनीय रहा। विदाई समारोह में इस अवसर पर हाई कोर्ट चिकित्सालय में तैनात एलएमएस रावत, डा. रेशु, जानकी भंडारी, सुरेश चंद्र जोशी, अनूप, याकूप, समेत पत्नी उमा पांडे, आशीष पांडे, प्रियंका पांडे, ऋचा जोशी, कमल जोशी, निर्मला ओली समेत अन्य लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम का संच. ालन चीफ फर्मासिस्ट एलपी डोढ़ियाल ने किया।

## एक नजर

### स्मार्ट एग्रीकल्चर पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा।** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिले के प्रगतिशील ख्रषकों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं चारा व साइलेज विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। सीडीओ ने शनिवार शाम दोपहर करीब 03 बजे बताया कि जलवायु परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए इन प्रशिक्षणों के माध्यम से कृषकों को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं लाभकारी कृषि विधियों से सशक्त किया जाएगा। बताया कि संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रुपरेखा यथाशीघ्र तैयार करने तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप ही इन्हें क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। कहा कि यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को आजी. विका के बेहतर अवसर प्रदान करेगी, बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी एक मील का पत्थर साबित होगी।

### सात जगहों पर युवाओं के लिए बनेंगे ओपन जिम

**अल्मोड़ा।** नगर निगम के सात जगहों पर जल्द ही युवाओं के लिए ओपन जिम खुल जाएगे। शनिवार को मेयर अजय वर्मा ने जिम के निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया। बताया कि युवाओं के लिए खेलने और व्यायाम की अल्मोड़ा में जगहें उपलब्ध नहीं थी। इसी को लेकर नगर की सात जगहों पर ओपन जिम बनाएं जा रहे है। जिसमें युवा नि:शुल्क व्यायाम कर सकेंगें। पूर्व दर्जामंत्री एवं भाजपा नेता बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर करने और शारिरिक रूप से मजबूत करने के लिए नगर निगम मेयर की ओपन जिम की यह योजना आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। यहां पार्षद अमित साह मोनू भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, पार्षद अभिषेक जोशी, सुनील कर्नाटक, हेम जोशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### परिसर में अराजकता के माहौल पर जताई चिंता

**अल्मोड़ा।** एसएसजे में अराजकता के माहौल पर नियंत्रण एवं शैक्षिक वातावरण पर सुधार को लेकर उत्तराखंड छात्र संगठन मुखर हो गया है। शनिवार को संगठन से जुड़े छात्रों ने विवि कुलसचिव को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय बनने के बाद विश्वविद्यालय अराजकता व गुंडागर्दी का केंद्र बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय में कतिपय संगठनों के बीच टकराव से छात्र समुदाय और अल्मोड़ा शहर में चिंता की लहर है। ये घटनाएं ने केवल विश्व. विद्यालय परिसर की मर्यादा को ठेस पहुंचा रही हैं, बल्कि इससे परिसर का शैक्षणिक वातावरण भी अत्यंत प्रभावित हो रहा है। उछास की संयोजक भावना पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और शिक्षा के क्षेत्र को अराजकता का केंद्र बनने से रोकना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में उछास के कोषाध्यक्ष भारतेंदु भाकुनी, मीडिया प्रभारी मयंक, आशा साह, पंकज मौजूद रही।

### बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड यूथ नेटवर्क अल्मोड़ा ने कैंपेन अगेंस्ट चाइल्ड लेबर के 44 दिनों के श्रम नहीं शिक्षा अभियान के तहत शनिवार को श्रम उपायुक्त व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अल्मोड़ा को बाल श्रम के खिलाफ 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उत्तराखंड यूथ नेटवर्क व सीएसीएल की राष्ट्रीय युवा प्रतिनिधि भारती पांडे ने बताया कि बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध, बालश्रम के खिलाफ सख्त कानून, बालश्रम के खिलाफ जागरुकता अभियान, प्रभावित बच्चों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम बालश्रम के कारणों को दूर करने के लिए कदम, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता देने की मांग की गई है। इसके अलावा बाल शिक्षा पर जोर, बालश्रम का उपयोग करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने समेत अन्य मांगें भी शामिल है। यहां यूवाईएन के राकेश बाराकोटी भी मौजूद रहे।

### तीसरे स्टोन क्रशर पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**नैनीताल।** बेतालघाट की ग्राम पंचायत खैरनी के तोक बढेरी में तीसरे स्टोन क्रशर की स्थापना पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। कृपाल सिंह बिष्ट ने कुमाऊं आयुक्त व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मैसर्स बढेरी महादेव सैण्ड एण्ड स्टोन क्रशर प्रा. लि. के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पहले से ही क्षेत्र में दो क्रशर संचालित हैं, जिनसे ग्रामीण ध्वनि, जल व वायु प्रदूषण से परेशान हैं। इसके चलते स्थानीय शिव मंदिर की शांति भी भंग हो रही है। नए क्रशर की स्थापना से स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। बिष्ट ने आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से कुछ लोगों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर खानापूर्ति की गई है, जिससे किसानों में विवाद और तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने व्यापक जनहित में क्रशर स्थापना पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

### मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति के हस्तांतरण का स्वागत

**नैनीताल।** मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति के उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरण के निर्णय का कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) और उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (उटा) ने स्वागत किया है। कूटा ने कहा कि इससे नैनीताल की वर्षों पुरानी पार्किंग समस्या का समाधान होगा और जाम की स्थिति में सुधार आएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य और जिलाधिकारी का आभार जताया। कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी और महासचिव डा. विजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे जनहित में लिया गया सकारात्मक निर्णय बताया। जल्द ही यहां मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण की उम्मीद जताई गई है।

# स्लाटर हाउस के लिए पार्षद धीरज ने ईओ से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हरिनगर वार्ड की सभासद शीतल कटियार व धीरज कटियार ने शनिवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की उनके नैनीताल आगमन पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान शीतल कटियार ने वार्ड में हो रही कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वार्ड में पिछले कई दिनों से स्लाटर हाउस बंद है। उन्होंने कहा 07 जून को बकरा ईद का त्योहार है त्योहार के दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा बकरों की कुर्बानी की जाती है। इस मौके पर ईओ रोहिताश शर्मा में आश्वासन दिया कि बंद स्लाटर हाउस को त्योहार से पहले खोलने का हर संभव पर्यास किया जाएगा।



### दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो स्मैत तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 6.63 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी देते हुए काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती शुक्रवार की रात्रि काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दलीप कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी रोडवेज वर्कशॉप काठगोदाम के पास से स्मैक तस्कर हर्षदीप उर्फ सरदार निवासी कपिल भवन देवलढूंगा काठगोदाम को 3.29 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी ओर एसआई नीतू सिंह ने मय टीम के साथ गौलपुल काठगोदाम से स्मैक तस्कर समीर खान निवासी स्टेट बैंक के पीछे नई बस्ती काठगोदाम को 3.34 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में स्वतंत्रता सेनानी मोहनलाल साह की पुण्य स्मृति में शनिवार को विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अनुपमा साह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, नृत्य नाटिका, नंदा राजजात यात्रा, नेशनल फ्यूजन डांस, कठपुतली नृत्य, पंजाबी नृत्य हिंदी नाटक जामुन का पेड़ शेक्सपियर द्वारा लिखित अंग्रेजी नाटक द इंपोर्टेंस ऑफ बीइंग अर्नेस्ट, बंगाली गीत, अंग्रेज़ी समूह गान शैक्षिक लघु नाटक द साइलेण्ट इको, आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका नंदा राजजात यात्रा रही। विद्यालय द्वारा छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर छात्रवृत्तियां दी गई। इस दौरान पद्मश्री अनूप साह, विनय साह, आलोक साह, सुधीर साह, अच्युत, भारत लाल साह, सुनील साह, अभय गुप्ता, हेमन्त बिष्ट, मीता साह, विनीता शौरी, सोनिया साह, गीता साह, गीता पांडे, लता पांडे, अमला साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव**



# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सिक्ख धर्म के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव की शहादत दिवस पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंधन कमेटी की ओर से शनिवार को नगर कीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान मल्लीताल गुरुद्वारे से माल रोड होते हुए तल्लीताल तक सिख समुदाय के लोगों ने भव्य झांकी निकाली। जिसमें ग्रीन सिटी नैनीताल को हरा भरा रखने के लिए प्लांट लंगर (पौध रोपण) और एजुकेशन लंगर (गरीबों में पुस्तक वितरण) भी किया गया। यह आयोजन गुरु अर्जुन देव के 419वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में किया गया है। इस दौरान गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंधन कमेटी के जगजीत सिंह ने बताया की गुरु अर्जुन देवजी के शहादत दिवस शहर में शोभा यात्रा और नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें श्रीअल्क तख्त साहिब, तख्त श्री पटना साहिब, चार साहिब जादों के साथ ही अन्य झाकीयां भी शहर में निकाली गई। इस भव्य झांकि में सितारगंज की श्री गुरूतेग बहादूर संघ ने स्काई की जो प्रतिवर्ष नैनीतान में नगर कीर्तन में स्काई संगद करते है। मुरादाबाद के नरेन्द्र सिंह ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष अंदाज में पुष्प वर्षा की।

गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने बताया की नगर कीर्तन में विगुल बैंड अमृतसर से बुलाया गया है, रंजीत का अखाड़ा रूद्रपुर बाजपुर, हल्द्वानी आदि की संगत आई है। इसक साथ ही गुरूद्वारे परिसर से तल्लीताल डाट तक जगह-जगह पर सभी के लिए लंगर लगया गया। इस दौरान, जोगिंदर सिंह आनद,अमर प्रीत सिंह, मन प्रीत सिंह, अमन प्रीत सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, रमनजीत सिंह, तेजपाल सिंह, हरपाल सिंह, रिबेल सिंह आनंद, तेजपाल सिंह, प्रदीप जेठी, गुरप्रीत प्रीति कौर, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# नमामि गंगे के तहत नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश भर में योग शिवि. रों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत एक नई पहल की गई है जिसमें योग शिवरों के साथ-साथ मंदिरों और मठों में वेद, पुराणो और नदी सभ्यता पर आधारित विशेष संवाद आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभाग द्वारा 21 मई से 21 जून तक नि:शुल्क योग शिविर-आओ हम सब योग करें अभियान के अंतर्गत विविध योग सत्र एवं वैदिक संवादों का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस समग्र अभियान का संचालन योग विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट के संरक्षण में किया जा रहा है। इसी क्रम में निशुल्क शिविर के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल की योग विज्ञान विभाग की छात्रा प्रियंका साह द्वारा नैनीताल सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया जा रहा है तथा योग के नियमित अभ्यास से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही साथ योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रियंका साह ने बताया इस अभियान का उद्देश्य जन-जन तक योग के जागरूकता को फैलाना एवं आमजनमानस को स्वस्थ रखना है। इससे समाज के हर वर्ग को जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# पुण्यतिथि पर माहरा को याद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** पूर्व विधायक एवं नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. पूरन सिंह माहरा की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन स्व. माहरा जी के परिवार द्वारा किया गया, जिसमें अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय नागरिकों ने स्व. पूरन सिंह माहरा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सामा. जिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. माहरा की जनसेवा और विकास कार्यो को आज भी लोग याद करते है और यह कार्यक्रम उनके प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। इससे पूर्व नागरिक चिकित्सालय रानीखेत पहुंच मरीजों का हाल-चाल जाना और फल वितरित किए। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, प्रशासक हीरा सिंह रावत, विश्व विजय सिंह माहरा, उदिता नयाल, दीक्षा संधू, दलेर संधू, वरिष्ठ पत्रकार नंद किशोर गर्ग, गीता माहरा, कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक पंत, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, निवर्तमान व्यापार मंडल उपसचिव विनीत चौरसिया, त्रिलोक आर्या, दीप उपाध्याय, हिमांशु नैनवाल, लाखन अग्रवाल, सीएमएस डा. संदीप दीक्षित मौजूद रहे।



### कैलाश यात्रियों का स्वागत

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा पां. चवें दल के यात्रियों के पहुंचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में यात्रियों का माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया गया।। यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरु रानी यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया। यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया व यात्रियों को गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधारोपण के लिए पौधे दिए गए। इस दौरान पर्यटन विकास अधिकारी ललित मोहन तिवारी, कोआर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह वेद प्रकाश, पदम सिंह, हर सिंह, शेर सिंह मौजूद रहे।

# तम्बाकू से युवा पीढ़ी को बचाना है

**नैनीताल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को सीआरएसटी इंटर कालेज में विधायक सरिता आर्या, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, निदेशक मिशन स्वाति भदौरिया, डा. कुलदीप मर्तोलिया, सीएमओ डा. एचसी पंत, डा. एनसी तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस वर्ष विश्व तंबा. कू निषेध दिवस का थीम है अपील को उजागर करना तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना। इस दौरान मिशन निदेशक द्वारा स्वाति भदौरिया ने कहा कि यह अभियान चलाकर इस मोहीम को बनाये रखना है, जिसके लिये कार्ययोजना बनाकर गांव स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं डा. कुलदीप मर्तोलिया ने कहा राज्य स्तर से सभी जनपदों को प्रचार प्रसार समाग्री तैयार कर ग्राम स्तर तक लगाई जाएगी अभियान को महाअभियान के रूप पर वर्ष भर मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एचसी पंत ने बताया कि जनपद पर हर वर्ष चालान किये जाते है व समय समय पर गोष्टी व रैली के माध्यम से भी तम्बाकू छोड़ने की अपील जनमानस से की जाती है। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। निर्मल दर्शन नशा मुक्ति केन्द्र हलद्वनी द्वारा नुकड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के संचालन मदन मेहरा द्वारा किया गया। इस दौरान पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा, कुमुद पंत, डा. कोमल शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, अवदेश कुमार बाला, प्रशांत कुमार, देवेंद्र पथनी, प्रति कुमार, मनोज बाबू, हरेन्द्र कठायत, हेम जलाल, दीवान बिष्ट, मेघना परवाल, सपना जोशी, दीपक कांडपाल, अजय भट्ट, पंकज तिवारी, सरयू जोशी, निर्मल दर्शन के डायरेक्टर संकल्प जोशी, राहुल नेगी, प्रथम को. हली, हर्ष आर्या, शैलेन्द्र बिष्ट, आदित्य बिष्ट, अमित रावत, दर्शन सकारिया आदि मौजूद रहे।

**बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान**



# रिजर्व फॉरेस्ट में अतिक्रमण की साजिश

## मौके पर पहुंचकर वन विभाग ने काम को रुकवाया, आईएफए के तहत कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** वन विभाग की जमीन पर चल रहे कार्य को वन क्षेत्राधिकारी रानीखेत द्वारा समय रहते रोका गया, नही तो हो जाता अतिक्रमण। बता दे कि पन्याली क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अवासीय मकान के पास शनिवार सुबह के समय कुछ मजदूरो द्वारा वन भूमि मे कार्य किया जा रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी रानीखेत ने वन विभाग की टीम भेजकर चल रहे कार्य को रुकवा दिया।

जिससे वन भूमि मे अतिक्रमण होने से बच गया। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने बताया कि मुझे दूरभाष से सूचना प्राप्त हुई कि रिज़र्व फॉरेस्ट में एक जगह पर मजदूरों द्वारा कुछ शायद सफाई और कटिंग का कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही हमने तत्काल अपने वन वीट अधिक. ारी एवं अनुभाग अधिकारी को मौके पर भेजा, और उनके द्वारा बताया गया कि जो भी कार्य वहां पर किया जा रहा था, उसको रोक दिया गया है। उन्होने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में कोई भी एजेंसी या लोग किसी भी प्रकार का कोई भी कार्य करते हुए पाए जाएंगे, तो उनके खिलाफ आईएफए के तहत कार्रवाही की जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि आईएफए के तहत जो भी सज़ा का प्रावधान है, वो उनके अनुसार किया जाएगा, उनके ऊपर कठोर कार्रवाही की जायेगी। वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में किसी के घर का कार्य नहीं किया जा सकता। यदि कोई व्यक्ति रिजर्व फॉरेस्ट में किसी भी प्रयोजन से कार्य करता है। उसके पास पहले से कोई परमिशन होनी चाहिए, या फिर वो लैंड ट्रांसफर का कैस होना चाहिए। यदि लैंड ट्रांसफर नहीं हुआ है, तो रिजर्व फॉरेस्ट में कोई भी कार्य संपादित नहीं किया जा सकता, किसी भी एजेंसी या व्यक्ति द्वारा जो कोई भी यह कार्य कर रहा है या करवा रहा है, हम उसकी अनुभाग अधिकारी से जांच करवाते हैं, और जो भी इसमें गिल्टी पाया जाता है, उसके खिलाफ आईएफए के प्रावधान के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



### शिलापट्ट में भाजपा पदाधिकारी के नाम से गरमाई सियासत

**अल्मोड़ा।** सरकारी योजनाओं में भाजपा पदाधिकारी के शिलापट्ट में नाम पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने ब्लॉक हवलबाग की योजना के उद्घाटन पर शिलापट पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष के नाम होने पर आश्चर्य जताया। कहा की आज भाजपा सरकार में अधिकारी ऐसे नतमस्तक हो गए हैं कि सरकारी योजना के शिलापट्ट में भाजपा के कार्यकर्ताओं के नाम भी लिखने लगे है। कांग्रेस जिला प्रशासन से पूछना चाहती है क्या आपके ब्लॉक की योजना के उद्घाटन पर भाजपा के कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी का नाम किस नियम के तहत लिखाया गया है। उसपर जिले के अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# तम्बाकू के परिणाम घातक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में शनिवार को तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में लोगों से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की अपील की गई। तम्बाकू के सेहत के लिए हानिकारक होने की भी बात कही। नगर निगम सभागार में आयोजित गोष्ठी के मौके पर विशेषज्ञों ने तम्बाकू पर व्याख्यान दिए। पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डा. जेसी दुर्गापाल ने कहा कि तम्बाकू के घातक परिणाम होते हैं। इसका सेवन छोड़कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की जरूरत है। कहा कि तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति से लोगों की उम्र कम होती है। इसके अलवा अनेकों बिमा. रियां इससे पनपती हैं। यहां सुंदर सिंह, भुवन, मनोज सनवाल, राघव पंत, डा. हर्षवर्धन पंत, देवेश पंत, श्याम बिष्ट, आशीष वर्मा, शंकर दत्त भट्ट, हेम जोशी, गोकुल रावत, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, एमसी कांडपाल, चन्द्रमणि भट्ट, आनंद बगडवाल, पार्षद अमित साह आदि मौजूद रहे। उधर, सल्ट में भी तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर तंबाकू खाने से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दी गई इसके अलावा तंबाकू और नशा छोड़ने के लिए स्वास्थ विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। यहां एसीएमओ डा. दीपांकर डेनियल, डा. अफजल खान, डा. कमलेश जोशी, डा. अक्षय, डा. फैजान, नवीन ध्यानी, उमेश सनवाल आदि मौजूद रहे।



### पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये

# पहलगाम के गुनाहगारों से तुरंत लिया बदला: अजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार ने कहा कि देश की सेना ने दिखा दिया है कि भारत किसी भी विदेशी चुनौती से मुकाबला करने के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम के गुनाहगारों का फोरन बदला ले लिया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व राज्य मंत्री पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट के आवास पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को उसके घर में घुसकर ही नहीं मारा बल्कि आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद भी कर दिया,जो अपने आप में सेना की वीरता और शौर्य का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और सैनिक शक्ति को देखकर विस्तारवादी सोच रखने वाले देश घबरा गए हैं।उन्होंने कहा कि जल्द ही हम प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर को अपने कश्मीर में मिलाएंगे।कहा कि कुछ लोग आज भी राजनीतिक लाभ के चलते सेना के पराक्रम पर सवाल उठाते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा की पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट एक समाजसेवी के साथ-साथ एक महान शिक्षाविद के रूप में पूरे क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित मनोहर लाल शर्मा के सानिध्य में भाजपा को बहुत बल मिला है। डॉक्टर मधु सिंह ने कहा पंडित मनोहर लाल शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उनकी सराहना हर जगह की जाती है।इस अवसर पर पंडित ममतेश शर्मा एडवोकेट, रजनीश शर्मा एडवोकेट, पंकज शर्मा एडवोकेट, पूर्व प्रधानाचार्य आरडीएस कपिल, प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक, विकास धीमान संजीव कुमार, विनय कुमार आदि ने महामंत्री (संगठन) अजय कुमार का फूल मालाओं और पुष्पगुच्छ से देकर गर्म जोशी से स्वागत किया ।पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट ने प्रदेश महामंत्री संगठन का शाल ओढ़कर अभिनंदन किया।



❖भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार का पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा के आवास पर स्वागत

❖पीएम के नेतृत्व में विदेशों में भी बढ़ा भारत का दबदबा : मनोहर लाल

# पुलिस ने 30 लीटर अवैध शराब व भट्टी उपकरण के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब भट्टी शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। 1000 लीटर लहन भी वहीं पर नष्ट कर दिया गया है।

खानपुर थाना प्रभारी रविंद्र शाह ने जानकारी दी की एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में नशीले पदार्थो की अवैध तस्कारी बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के लिए निर्देशित किया है जिसमें अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए गोवर्धनपुर क्षेत्र ग्राम सहीपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अवतार सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम सहीपुर खाना खानपुर जनपद हरिद्वार बताया। उसके कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब गैस भट्टी व शराब बनाने के वीभिन्न उपकरण बरामद हुए उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गोवर्धनपुर पुलिस चौकी प्रभारी समीप पांडे कांस्टेबल अरविंद रावत बलवीर सिंह रितिक कुमार शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। लक्सर कोतवाली के प्रतापपुर गांव निवासी पंकज कुमार की ओर से न्यायालय को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया गया कि वह लक्सर तहसील में स्टांप विक्रेता है। उसे कृषि के लिए भूमि की आवश्यकता थी। इस दौरान तहसील में ही काम करने वाले रकम सिंह के जरिए उसका परिचय आरोपी प्रमोद कुमार व मनोज कुमार निवासीगण ग्राम महाराजपुर कलां से हुआ। उन्होंने उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से कराई जिसका नाम उन्होंने सुमित कुमार निवासी महाराजपुर कलां बताया। उन्होंने सुमित कुमार की गांव में कृषि भूमि होने और उसे दिलाने की बात कही। पंकज के अनुसार, 13 फरवरी को दो लाख रुपये लेकर सुमित ने अपनी 0.1854 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री उसके नाम कर दी। इसी बीच 28 फरवरी को उसे पता लगा कि आरोपियों ने संपत्ति के असली मालिक सुमित कुमार के फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी अन्य व्यक्ति को सुमित कुमार दर्शाते हुए भूमि का बैनामा कर उससे दो लाख रुपये हड़प लिए हैं। असली सुमित कुमार ने कोई जमीन बेची ही नहीं है। उसने आरोपियों से शिकायत की तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस के कोई कार्रवाई नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण ली।

वहीं मामले को लेकर इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सिख गुरु अर्जन देव की शहादत को समर्पित कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गुरु नानक सत्संग सभा, गुरुद्वारा नेहरू स्टेडियम रुड़की द्वारा सिखों के पाँचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमृतसर से विशेष रूप से आमंत्रित रागी जत्थे ने गुरबाणी की मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से वातावरण को गुरुमयी बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शबद कीर्तन से हुई, जिसमें "तेरा किया मीठा लागे" और "सिर दिया पर सास न दी" जैसे शबदों ने संगत को गुरु अर्जन देव जी की बलिदान भावना से जोड़ दिया। रागी जत्थे की आवाज में श्रद्धा, समर्पण और आस्था की झलक स्पष्ट रूप से दिखी। गुरुद्वारा सभा के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु अर्जन देव जी का बलिदान केवल सिख समुदाय ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है। उन्होंने शांतिपूर्वक अत्याचारों का सामना करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया, जिससे धर्म और सच्चाई की रक्षा हुई। सभा के वरिष्ठ सदस्य तिलकराज नंदा ने सिख धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा, समर्पण और परोपकार सिख पंथ के मूल स्तंभ हैं। गुरु अर्जन देव जी ने हर धर्म और जाति के लोगों के लिए "हरमंदिर साहिब" का निर्माण कर समरसता का संदेश दिया। सरदार तरनजीत सिंह और पूजा नंदा ने भी गुरु जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं को साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन अरदास और गुरु का लंगर वितरण कर हुआ। गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का अवसर रहा, बल्कि गुरु अर्जन देव जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सरदार वीर सिंह, मनोज मेहरा ,पंकज नंदा, राजकुमार शर्मा, अवनीश त्यागी, अमित सोई ,सरदार सतपाल सिंह, सरदार हरचरण सिंह, सरदार जसवीर सिंह , सरदार सतनाम सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार सतबीर सिंह, इकबाल सिंह, प्रभजोत सिंह, दीपक अरोड़ा, चरणप्रीत सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु की वाणी में डूबकर आत्मिक शांति का अनुभव किया। गुरुद्वारा परिसर में अटूट लंगर की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पिता-पुत्री पर घर में घुसकर हमला, फायरिंग का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आपसी विवाद में कुछ लोगों ने एक ग्रामीण पर घर में घुसकर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने ग्रामीण और उसकी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के मखियाली कलां गांव निवासी संतु ने पुलिस को बताया कि वह दिव्यांग है। 24 मई की शाम को वह और उसकी बेटी दोनों घर में मौजूद थे। इस बीच आरोपी बिजेंद्र निवासी मखियाली कलां और लाखन निवासी रायसी अपने पांच साथियों के साथ लाठी-डंडे और तमंचे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने उनके और उनकी बेटी पर हमला करते हुए मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उनपर तमंचे से फायरिंग की। इसमें वह बाल-बाल बच गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। लोगों के आने पर आरोपी फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर दो नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही ह।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन अंतरिम कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु छह दिवसीय अंतरिम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह का सत्र सहज योग से शुरू किया गया। इसमें प्रतिभागियों को उनकी आंतरिक ऊर्जा प्रणाली, भावनात्मक स्वास्थ्य और रचनात्मकता के लिए पुष्टि और ध्यान का महत्त्व सिखाया। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार इस सत्र का संचालन एडवोकेट अपेक्षा ने किया, जिसके अंतर्गत बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। साथ ही साथ यौन उत्पीड़न निवारण समिति (अधिनियम, 2013) पर जागरूकता सत्र का संचालन अधिवक्ता अपूर्वा ठाकुर द्वारा किया गया। जिसमें इसके कानूनी ढाँचे, परिभाषाएँ, नियोक्ताओं की जिम्मेदारियाँ और समाधान शामिल थे। इस श्रृंखला में सबसे महत्वपूर्ण एमएच रुड़की के कमांडेंट ब्रिगेडियर विशाल विष्णु तिवारी, लेफ्टिनेंट कर्नल कुसुम खाती और विशेषज्ञ टीम द्वारा चिकित्सा आपात स्थितियों में तैयारी और त्वरित कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करते हुए सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हृदयाघात के संकेतों को पहचानना और सीपीआर को प्रभावी ढंग से लागू करना सिखाया गया। कार्यशाला में हरिद्वार विश्वविद्यालय रुड़की की कुलपति प्रोफेसर डॉ रमा भार्गव द्वारा अच्छे शिक्षक के गुणों पर गहन चर्चा की गई जिससे शिक्षकों को अपने शिक्षण पर विचार करने और सुधार के क्षेत्र को पहचानने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यशालाओं की कड़ी में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने हेतु पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने वैश्विक परिदृश्य में एक शिक्षक के लिए आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला।



विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक श्री गौतम जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) कार्यशाला में संचार में समावेशिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों ने विशिष्ट बालकों की सहायता के लिए आवश्यक आईएसएल संकेत, सांकेतिकभाषा में राष्ट्रगान तथा अन्य आवश्यक अभिव्यक्तियाँ सीखीं। प्रत्येक दिन अंतिम सत्र में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी तथा रोचक बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें वैदिक गणित, दैनिक जीवन में विज्ञान, हिंदी संस्कृत रोचक अधिगम, योग्यता आधारित मूल्यांकन, आईसीटी, शिक्षकों के लिए अभिरुचि आधारित कार्यशालाएं भी सम्मिलित थीं जिसमें नृत्य कला संगीत तथा शिल्प आदि कौशल सिखाए गए। प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा तथा हेड मिस्ट्रेस सुश्री सुधा सैनी के कुशल दिशा निर्देशन में कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# संदिग्ध परिस्थिति में होटल मालिक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संदिग्ध परिस्थिति में होटल मालिक लापता हो गया। परिजनों ने अपने स्तर से होटल मालिक की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। गुमशुदगी को पारिवारिक विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच की तो आखिरी लोकेशन शिमला मिली।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मेहरबान रामपुर में देहरादून रोड स्थित होटल राजमहल के मालिक है। 28 मई को वह डॉक्टर के पास जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वह घर नहीं लौटे। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने अपने स्तर से मेहरबान की तलाश शुरू की लेकिन उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया और फोन भी बंद मिला। इसके बाद बेटे कुर्बान ने गंगनहर कोतवाली पुलिस को मामले में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने होटल मालिक की गुमशुदगी दर्ज कर ली। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय शाह ने बताया कि प्राथमिक जांच में हिमाचल प्रदेश के शिमला में लोकेशन मिली है। पुलिस की एक टीम शिमला रवाना की गई है।

## बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले पर पोक्सो एक्ट में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर के मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अश्लील कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह जब मासूम बच्ची बच्चों के साथ खेल रही थी खेलते खेलते आरोपी के घर एक कुत्ता का बच्चा पकड़ने के लिए पहुंच गई इसका फायदा उठाते हुए आरोपी बच्ची को पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा वही पड़ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति ने आरोपी को यह करते हुए सब देख लिया और सूचना बच्ची के परिजनों को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों को बच्ची ने सारी आप बीती बताइ जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मेहबूब उर्फ नानू निवासी मंगलौर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रुड़की पुलिस ने सत्यापन के दौरान मुजफ्फरनगर का वांटेड हिस्ट्री शीटर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने सत्यापन के दौरान एक मकान में रह रहे हैं मुजफ्फरनगर के हिस्ट्री सीटर वांटेड को दबोच लिया है और उसको बना देने वाले मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है

जानकारी के अनुसार कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने सत्यापन के दौरान एक हिस्ट्री सीटर पकडा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे सत्यापन के कार्रवाई के अंतर्गत आज दि 31.05.2025 को प्रभारी निरीक्षक रुड़की द्वारा गठित सत्यापन टीम की कार्रवाई के दौरान मोहल्ला पठानपुरा में संदिग्धता के आधार पर नईम पुत्र ननुवा मोहल्ला किदवाई नगर निकट जैनलिया स्कूल थाना खालापार मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को पूछताछ हेतु थाना कोतवाली रुड़की पर लाया गया पूछताछ करने पर उक्त नईम थाना खालापार मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर में वांटेड बताया जो काफी समय से फरार था। थाना खालापार मुजफ्फरनगर से संपर्क करने पर थाना खालापार द्वारा उक्त नईम को थाना खालापार का गैंगस्टर एक्ट का वांटेड बताया जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना खालापार मुजफ्फरनगर की पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 आषाढ सिह पंवार, कोतवाली रूडकी व हेकानि0 प्रवीण कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

## चेकिंग में 18 वाहन सीज, 42 के चालान

**लक्सर।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। अभियान में 18 वाहन सीजकर 42 के चालान किए गए। ओवरलोड वाहनों से शहर और देहात में दुर्घटनाएं हुई हैं। इस वजह से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम देर रात चेकिंग के लिए निकली। चेकिंग में ओवरलोड वाहन टीम के रडार पर रहे। इस बीच बुग्गावाला में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रक पकड़ा गया। इसमें निर्माण सामग्री ओवरलोड थी। टीम ने सीज कर दिया। नौ चालक बिना जरूरी कागजात, बिना टैक्स के ई-रिक्शा चला रहे थे। चालान किया।

# बछड़े पर हमलाकर उठा ले गया गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एक साधू की झोपड़ी के बाहर बंधे बछड़े पर गुलदार ने हमला कर लिया। गुलदार बछड़े को उठा ले गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी है। साथ ही गुलदार को पकड़ने की मांग की है। क्षेत्र के तिलकपुरी गांव के पास गुलदार देखे जाने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। ग्रामीण शिवपाल, कमल, बबलू, मांगेराम, सुशील आदि के अनुसार, भोगपुर और तिलकपुरी गांव के पास जंगल में आबादी क्षेत्र के निकट गुलदार की चहलकदमी बनी हुई है। दो दिन पूर्व गुलदार ने यहां एक साधु की कुटिया के बाहर बंधे गाय के बछड़े पर हमला करके उसे निवाला बना लिया। गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़े जाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। डिप्टी रेंजर संजय पंत ने बताया कि गुलदार के संबंध में जानकारी मिली है। गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा पर लगाए विकास नहीं कराने के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के दरगाहपुर मैं एक प्रेस वार्ता कर कांग्रेस प्रदेश के पदाधिकारियों ने भाजपा पर विकास ना कराने का आरोप लगाया है। प्रदेश सचिव जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी एडवोकेट ने कहा जिस वक्त कांग्रेस की सरकर थी सभी लोग खुशहाल थे क्योंकी उत्तराखंड में हर जगह जो सिडकुल फैक्ट्री लगाई गई है। वह पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के टाइम में लगाई गई है जिसमें ना जाने कितने बेरोजगार नौजवानो को रोजगार मिला है। बाण गंगा व शोलानी नदी पर बांध पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत के टाइम में बांधा गया है जिसकी भाजपा सरकार के द्वारा मरम्मत भी नहीं की गई। उन्होंने कहा आज पढ़ा लिखा नौजवान अपनी डिग्री लेकर नौकरी के लिए भटक रहा है फिर भी उसके पास कोई काम नहीं है। प्रदेश सचिव आरिफ प्रदान ने कहा की जितने पुल बांध स्कूल बनाए गए हैं वह सब कांग्रेस की देन है क्योंकी कांग्रेस व्यापारी नौजवान मजदूर किसान सभी के बारे में सोचाती है। उन्होंने कहा 2027 में कांग्रेस की सरकार आने वाली है कांग्रेस सरकार में सभी बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा जैसे पहले कांग्रेस की सरकार में मिला है। मगन सिंह सैनी ने कहा की कांग्रेस के टाइम में ना जाने कितने इंटर कॉलेज एम्स एसपताल स्कूल क्षेत्र में बिरला जैसी फैक्ट्री लगाई गई है जिसमें हजारों नौजवान नौकरी कर रहे हैं और अपने परिवार का ख्याल भी रख रहे हैं। उन्होंने कहा अगर कांग्रेस की सरकार होती तो नौजवान युवाओं को भटकना नहीं पडता और किसान मजदूर व्यापारी नौजवान सभी खुशाल थे। नगर पंचायत सुलतानपुर सभासद सनव्वर राजा ने कहा की भाजपा विकास की राजनीति नहीं करती केवल लोगों में फसाद कराने की राजनीति करती है हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद की राजनीति करती है। उन्होंने कहा 2027 में कांग्रेस की सरकार आ रही है और सभी को चाहीये की कांग्रेस का दामन थामें और अपने और अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के बारे में सोचे।



### हरिद्वार जिला प्रधानाचार्य परिषद की कार्यकारिणी ने

# बीएसएम शिक्षण संस्थान के चैयरमेन मनोहर लाल को जन्मदिन पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रधानाचार्य परिषद जिला हरिद्वार की कार्यकारिणी द्वारा मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया को उनके जन्मदिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता प्रबंधक नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर ने कहां की हरिद्वार जिले की सबसे बड़ी संस्था के अध्यक्ष का सम्मान करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शर्मा जी एक महान शिक्षाविद हैं और कानून के बहुत बड़े जानकार हैं जिले के अंदर जो शिक्षा के प्रसार प्रचार के लिए जो कार्य शर्मा जी ने किए हैं वह हमेशा याद किए जाएंगे। इतनी बड़ी संस्था को चलाने वाले शर्मा जी का स्वभाव बहुत सौम्य सरल और सहज है मैं उनके उज्जवल भविष्य दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना करता हूं। इससे पूर्व बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट ने सभी अतिथियों का आभार और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बी एस एम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट निदेशक रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रधानाचार्य परिषद जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा जिला मंत्री अरविंद शर्मा जितेंद्र पुंडीर जिला मीडिया प्रभारी कैप्टन अजय कौशिक डॉक्टर एन के शर्मा जयप्रकाश राठौर समय सिंह सैनी चंद्रप्रभा गुलेरिया बलराम गुप्ता सतीश सैनी प्रधान विजय कुमार संजय आर्य अश्वनी कुमार गौरी शंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।





कोलकाता। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित रैली के दौरान मास्क पहने छात्र।

# अमेरिका-भारत के बीच सैन्य साझीदारी पर चर्चा

## विदेश सचिव मिस्री ने वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी की बातचीत

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका के विदेश, रक्षा, राजकोषीय और वाणिज्य विभागों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण किया तथा वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की।

विदेश सचिव मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिए 27-29, मई तक वाशिंगटन की यात्रा की। यह यात्रा 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद हुई थी जिसके दौरान दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका समझौता (सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ किया था। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, राजकोषीय विभाग और वाणिज्य विभाग के समकक्षों के साथ व्यापक चर्चा की। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी में भारत-अमेरिका साझीदारी को आकार देने वाले प्रमुख स्तंभ होंगे।

■ उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की



रक्षा उप मंत्री स्टीव फीनबर्ग और नीति सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ बैठकों में, दोनों पक्षों ने एक मजबूत और दूरदर्शी रक्षा साझीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा सह-उत्पादन और सह-विकास पहलों, निरंतर संयुक्त सैन्य अभ्यासों, रसद और सूचना-साझाकरण ढांचे और सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। राजकोष विभाग के उप मंत्री माइकल फॉकेंडर के साथ, विदेश सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग और आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक और वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य उप मंत्री जेफरी केसलर के साथ अपनी बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आईटीएआर और निर्यात नियंत्रण नियमों को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता की समीक्षा की। वे जल्द से जल्द भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता की अगली बैठक बुलाने पर सहमत हुए। कॉम्पैक्ट में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट पहल, आतंकवाद-रोधी, हिंद महासागर रणनीतिक उद्यम और क्वाड, आई2यू2 और आईएमईईसी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सहयोग सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों पर विस्तृत अंतर-एजेंसी चर्चाएं आयोजित की गईं।

## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000 लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1579 परिवारों के 5974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। श्रीलंका की भौगोलीय स्थिति को देखते हुए इस तरह के खराब मौसम में ऐसी घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितम्बर) और पूर्वोत्तर मानसून (दिसम्बर से मार्च) दो मुख्य मानसून मौसम होते हैं। इन अवधियों में अक्सर भारी वर्षा, तेज़ हवायें चलती हैं और व्यापक बाढ़ और भूस्खलन होती रहती हैं, जिसके कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है।

## इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकारने का दबाव बनाया

# हमास को विनाश की दी चेतावनी

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिएए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गई है।

समझौते में 180 फलस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई, जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किए।

इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढांचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। दूसरी ओर इजरायली सेना ने कहा है कि पिछले सप्ताह में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि गाजा में हमास के साथ इजरायल के चल रहे युद्ध के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अभियान में सात हथियार और 70 लाख से अधिक शेकेल (लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर) जब्त किए गए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने उत्तरी वेस्ट बैंक में इजरायली बस्ती सा-नूर के स्थल का दौरा किया। गौरतलब है कि सा-नूर इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 22 बस्तियों में से एक है, जिसे इजरायल दशकों में वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों का सबसे बड़ा विस्तार बताता है।



■ 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने का मुद्दा उठाया

■ गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फलस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास

कैट्ज और वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच ने कहा है कि कई साइटें पहले से ही अनधिकृत चौकियों के रूप में मौजूद हैं और अब उन्हें इजरायली कानून के तहत कानूनी दर्जा दिया जाएगा। वहीं हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फलस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फलस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रस्ताव में दो चरणों में 10 जिदा बंधकों और 18 शवों को सौंपे जाने के बदले में गाजा में 60 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। इजरायल 180 फलस्तीनियों के शवों के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों को रिहा करेगा। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एक बयान में कहा कि आंदोलन को अमेरिकी प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजरायल की स्थिति फलस्तीन की मुख्य मांगों को संबोधित करने में विफल रही है, जिसमें शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और गाजा पर लंबे समय से चली आ रही नाकाबंदी को हटाना शामिल है।

### दक्षिणी गाजा में इजरायली हवाई हमले में 14 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिएए लगाए गए एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में पट्टी भर में अभियान जारी रखा है और इस दौरान 'आतंकवादियों, सैन्य भवनों, निगरानी और स्नाइपर ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वो ठिकाने हैं जो इजरायली बलों के लिएए खतरा पैदा कर रहे थे। एक अलग बयान में सेना ने कहा कि खान यूनिस क्षेत्र में काम कर रहे उसके बलों ने हमास के भूमिगत बुनियादी ढांचे की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि सुरंग के मार्ग का उपयोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिएए किया गया था। आतंकवादियों ने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे का खुलेआम फायदा उठाया था। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को दोबारा तीव्र सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद कम से कम 4058 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11729 घायल हुए हैं।

## म्यांमार में नशीली दवाओं के बड़े पैमाने पर कारोबार का भंडाफोड़

**नेपीडॉ।** म्यांमार में अधिकारियों ने हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े मादक पदार्थों के भंडाफोड़ में लगभग 20 लाख उत्तेजक गोलियां और 134 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख अमेरिकी डॉलर है। म्यांमार पुलिएस ने एक बयान में यह जानकारी दी। 'ग्लोबल लाइट ऑफ म्यांमार' की एक रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 20 मई की देर रात लेवे टाउनशिप में यह अभियान चलाया गया।

मादक पदार्थ प्रवर्तन इकाई एक संयुक्त टीम के नेतृत्व में अधिकारियों ने 20 मई की देर रात औंगनांगचो से प्यिनमाना जा रहे एक फूसो 12-पहिया ट्रक को रोका। ट्रक को ज़्नि म्यो हेट आंग (उर्फ काला ले) चला रहा था और उसके साथ मिन खांट क्याव और म्यात सो ओ (उर्फ सुपर) भी थे। ट्रक में करीब दो लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां और 134.2 किलोग्राम हेरोइन पाई गईं। इसके साथ ही दो शेवरले कारों को भी रोका गया, जो एस्कॉर्ट वाहन माने जा रहे थे। इनके चालक थुरिन को को, क्याव म्यो हलिएंग (उर्फ क्याव गी) और ने ओओ शीन को हिरासत में लिएया गया। जांच के बाद अगली सुबह और गिरफ्तारियां हुईं। पाइनमाना टाउनशिप के एक होटल में, पुलिएस ने पॉ लू (उर्फ पॉ लू चान), सो ल्विन और थीन सैन हटन (उर्फ काला ले) को पकड़ा, जिनके बारे में माना जाता है कि वे शान राज्य से मांडले तक ड्रग्स ले जाने वाले तस्करी नेटवर्क के सरगना हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू हो गई है, पुलिएस ने कहा कि बड़े पैमाने पर तस्करी के इस अभियान में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के प्रयास जारी हैं। यह नवीनतम जब्ती कुछ दिन पहले ही शान राज्य में हुई ऐसी ही एक छापेमारी के बाद हुई है, जहां अधिकारियों ने लगभग 93,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की पांच लाख उत्तेजक गोलियां जब्त की थीं।



■ 20 लाख उत्तेजक गोलियां, 134 किलोग्राम हेरोइन जब्त

## स्टील-एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिएए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है।

निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पाट्र्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिएए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। फियो के अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि हालांकि हम समझते हैं कि यह निर्णय अमेरिका में घरेलू नीतिगत विचारों से उपजा है।

■ ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा है

### सोल में मेट्रो में लगी आग, 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:47 बजे सबवे लाइन 5 की एक मेट्रो ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 15 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिएस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 से 70 साल का एक व्यक्ति मेट्रो में टॉर्च और जेरीकैन लेकर आया था। कथित तौर पर उसने येओइना: और मापो स्टेशनों के बीच आग लगा दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार आगजनी के संदिग्ध को पुलिएस ने गिरफ्तार कर लिएया है। ट्रेन में सवार यात्रियों को बाहर निकाल लिएया गया है। आग बुझाने का काम पूरा हो गया है।

## रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर दो जून को होने की उम्मीद

**मॉस्को/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के कार्यालय में होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि सबसे अधिक संभावना है कि यह दौर फिर से डोलमाबाहचे में कार्यालय में होगा।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने शुक्रवार को कहा कि इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ संभावित आगामी वार्ता में रूस वार्ता प्रक्रिया के लिएए दोनों पक्षों के दृष्टिकोणों पर ज्ञापनों का आदान-प्रदान करने का प्रस्ताव करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। क्रेमलिएन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन के साथ प्रस्तावित वार्ता का उद्देश्य संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और रूस के हितों को सुनिश्चित करना है। रूसी प्रतिनिधिमंडल 15 मई को इस्तांबुल पहुंचा, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बैठक अगले दिन हुई और लगभग दो घंटे तक चली। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिस्की ने कहा कि दोनों देश संभावित युद्ध विराम के अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिएए सहमत हुए हैं। मेडिस्की ने यूक्रेन के साथ बातचीत जारी रखने के लिएए रूस की तत्परता भी बताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल दो जून को इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के दौरान यूक्रेनी पक्ष को समझौते पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिएए तैयार है। रूस ने कहा है दो जून को इस्तांबुल में वार्ता आयोजित करने के उसके प्रस्ताव पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

**पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का दिया था सुझाव**



## भारतीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं।

रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल)शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिएए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिएए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है। इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय , प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों-मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा कि हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा कि शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 2023-24 में 3.31 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे और वहां के लिएए भारत विदेशी विद्यार्थियों का सबसे बड़ा स्रोत था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने राजनीतिक निर्णयों के तहत आमेरिका में आव्रजन के नियम सख्त करने के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों की विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की क्षमता पर नियामकीय और वित्तीय अंकुश लगाने शुरू कर दिए हैं।

■ पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं

■ ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी है

### पश्चिमी सूडान में ड्रोन हमले में छह की मौत, 15 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी एल-ओबेद में एक अस्पताल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह इमरजेंसी लॉयर्स इनिशिएटिव ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा शुक्रवार सुबह ड्रोन से एल-ओबेद इंटरनेशनल अस्पताल पर हमला किया।हमले में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें मरीज, उनके साथी और चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने कहा कि हमले से अस्पताल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसे चिकित्सा सेवाएं रोकनी पड़ी हैं। समूह ने कहा कि ड्रोन हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के बारा शहर पर आरएसएफ बलों द्वारा की गई।

## नाइजीरिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हुई

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने कल दोपहर और शव बरामद किए गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि फिलहाल कम से कम 100 शव बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया था कि बुधवार देर रात भारी बारिश ने मोक्वा में तबाही मचा दी जिससे 50 से अधिक मकान जलमग्न हो गए या बह गए। इन मकानों में लोग रह रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विज्ञान एजेंसी ने नाइजर सहित देश के मध्य क्षेत्र में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी भारी बारिश के आसार हैं। एनईएमए ने बताया कि देश भर में बाढ़ के प्रकोप से बचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस बीच बाढ़ की तैयारियों पर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के दौरान एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने सरकार से जुड़े हर विभाग और संस्था से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालिएयों, बांध और बाढ़-रोधी बुनियादी ढाँचे में निवेश करने का आग्रह किया।



■ अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान



# फिल्म सावी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी: दिव्या खोसला



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की फिल्म सावी के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गए हैं। दिव्या खोसला ने फिल्म सावी में मुख्य भूमिका निभाई थी और यह फिल्म उनके ऑन-स्क्रीन ट्रांसफॉर्मेशन की एक मजबूत मिसाल बन गई। आज इस फिल्म की रिलीज को एक साल पूरा हो गया है और दिव्या इस प्रोजेक्ट का जश्न मनाने को लेकर उत्साहित हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी फिल्म सावी में दिव्या ने एक ऐसी गृहिणी की भूमिका निभाई जो अपने पति पर लगे झूठे हत्या के आरोप के खिलाफ हार नहीं मानती।

फिल्म सावी के एक साल पूरे होने पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। सावी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे यह रोल करना है और एक पत्नी के उग्र रूप को सामने लाना है जो अपने पति के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

दिव्या खोसला ने कहा, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया। दिव्या खोसला अब निर्देशक प्रेरणा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। फिलहाल इसका नाम सामने नहीं आया है, लेकिन दोनों की यह साझेदारी दर्शकों में उत्सुकता जगा रही है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानका. रियां अभी सामने आनी बाकी हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# कार्तिक आर्यन के इन फ्लाइट वीडियो पर विद्या ने ली चुटकी





कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं।

नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक। मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, हाय विद्या, बहुत दिनों बाद यह कार्तिक है और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, हाय विद्या यह विद्या है, लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा कि बचके रहना रूहबाबा, मैं हर जगह मिलूंगी। कार्तिक आर्यन यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया। फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गए।

# वरुण की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा कर लिया है। वरुण धवन इन दिनों अपने पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग स्कॉटलैंड में कर रहे थे। इस फिल्म का स्कॉटलैंड शैड्यूल रैप-अप हो चुका है। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ एक खास नोट लिखा, स्कॉटलैंड में रुहै जवानी तो इश्क होना है के लिए हमारा शेड्यूल पूरा हो गया है। इतने दिनों से सभी लोग मिलकर इसे पूरा करने में लगे हुए हैं। जल्द ही आप सभी के लिए हंसी लेकर आऊंगा। अब घर वापस आ गया हूं। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी इस फिल्म निर्माण कर रहे हैं।इस फिल्म में वरूण धवन के साथ मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर भी हैं।

# सैयारा मेरी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित: मोहित

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मोहित सूरी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म सैयारा उनकी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित सैयारा का टीज़र कल जारी होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है। फिल्म सैयारा में अहान पांडे को एक पारंपरिक हीरो के रूप में और अनीत पड्डा (बिग गर्ल्स डोंट क्राइ फेम) को नई वाईआरएफ अभिनेत्री के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। मोहित सूरी ने कहा, आप कई तरह की कहानियां कह सकते हैं और लोगों को भावनात्मक यात्राओं पर ले जा सकते हैं, लेकिन रोमांस एक खास जॉनर है।

सैयारा मेरी उन प्रेम कहानियों को समर्पित है जिन्हें मैं खुद बेहद पसंद करता हूं, जिनसे मेरा जीवन कभी न कभी टकराया है। मैंने कई लोगों की असाधारण प्रेम कहानियां सुनी हैं, जो मेरे लिए प्रेरणा बनी। मोहि. हत सूरी ने कहा, सैयारा के टीज़र को मिली एकमत प्रतिक्रिया देखकर दिल खुश हो गया। मैं अहान और अनीत के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि उन्होंने अपने अभिनय से लोगों से तुरंत जुड़ाव बना लिया। यह पल मैं अपनी टीम और वायआरएफ के साथ साझा करना चाहता हूं। आशा है कि जैसे-जैसे हम फिल्म की मार्केटिग में इसकी अलग-अलग परतें खोलते जाएंगे, लोग उससे उतना ही जुड़ते जाएंगे। वाईआरएफ के सीईओ और निर्माता अक्षय विधानी ने कहा,रोमांस यशराज फिल्म्स की पहचान रहा है। सैयारा के माध्यम से हम प्रेम के उस पक्ष को एक्सप्लोर कर रहे हैं जो गहराई से भावुक, पर साथ ही उत्साहवर्धक भी है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारे लिए बेहद ज़रूरी था, खासकर तब जब हम रोमांटिक शैली में वापसी कर रहे हैं। मोहित सूरी जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका पाकर हम बेहद खुश थे। उनकी संवेदनशीलता और समझ इस कहानी को एक नई ऊंचाई पर ले गई। हमें खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतनी गर्मजोशी से स्वीकारा। सैयारा इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए हम दो प्रतिभाशाली नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। हमारा सपना था कि इन दोनों को एक ऐसी प्रेम कहानी में लॉन्च करें जो लंबे समय तक लोगों के दिल में रहे। फिल्म सैयारा 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

# मुकेश के कहने पर अनिल विश्वास ने गाना छोड़ दिया

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार और गायक अनिल विश्वास ने पार्श्वगायक मुकेश के कहने पर गाना छोड़ दिया था। पार्श्वगायक मुकेश के रिश्तेदार मोतीलाल के कहने पर अनिल विश्वास ने मुकेश को अपनी एक फिल्म में गाने का अवसर दिया था, लेकिन उन्हें मुकेश की आवाज पसंद नहीं आई। बाद में उन्होंने यह वह गाना अपनी आवाज में गाकर दिखाया। इस पर मुकेश ने अनिल से कहा, दादा बताइए कि आपके जैसा गाना भला कौन गा सकता है यदि आप ही गाते रहेंगे तो भला हम जैसे लोगों को कैसे अवसर मिलेगा। मुक. ेश की इस बात ने अनिल को सोचने के लिए मजबूर कर दिया और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। अगले दिन उन्होंने अपनी फिल्म पहली नजर में मुकेश को बतौर पार्श्वगायक चुन लिया और निश्चय किया कि वह फिर कभी व्यावसायिक तौर पर पार्श्वगायन नहीं करेंगे। अनिल विश्वास का जन्म सात जुलाई 1914 को पूर्वी बंगाल के वारिसाल अब बांग्लादेश में हुआ था। बचपन से ही उनका रूझान गीत संगीत की ओर था। महज 14 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने संगीत समारोह में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां वह तबला बजाया करते थे। वर्ष 1930 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था। देश को स्वतंत्र कराने के लिए छिड़ी मुहिम में अनिल भी कूद पड़े। इसके लिए उन्होंने अपनी कविताओं का सहारा लिया। कविताओं के माध्यम से अनिल देशवासियों मे जागृति पैदा किया करते थे। इसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। अनिल वर्ष 1930 में कलकत्ता के रंगमहल थिएटर से जुड़ गए जहां वह बतौर अभिनेता,पार्श्वगायक और सहायक संगीत निर्देशक काम करते थे। वर्ष 1932 से 1934 अनिल थिएटर से जुड़े रहे। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय और पार्श्वगायन किया। रंगमहल थिएटर के साथ ही अनिल हिदुस्तान रिकॉर्डिंग कंपनी से भी जुड़े। वर्ष 1935 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वह कलकत्ता से मुंबई आ गए। वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म धरम की देवी से बतौर संगीत निर्देशक अनिल ने अपने सिने करियर की शुरुआत की। साथ ही फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया। वर्ष 1937 में महबूब खान निर्मित फिल्म जागीरदार अनिल के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई।

# 20 जून को जी-5 पर रिलीज होगी दिलजीत दोसांझ की फिल्म






**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ एक अजीबोगरीब जासूस की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में हुई है और इसका निर्देशन रवि छाबड़िया ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी को अली अब्बास जफर, सागर बाजाज और रवि छाबड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण अली अब्बास जफर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले किया है। अली इसके पहले फिल्म दिलजीत को लेकर फिल्म जोगी भी बना चुके हैं। अली अब्बास जफर ने कहा, दिलजीत के साथ जोगी में काम करने के बाद मुझे यकीन था कि हमें फिर साथ काम करना चाहिए। वह एक शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और रहस्य से भरपूर रखेगी। सह-निर्माता हिमांशु मेहरा ने भी दिलजीत की तारीफ करते हुए कहा, कम ही कलाकार हास्य और सस्पेंस दोनों को इतनी आसानी से निभा पाते हैं। दिलजीत उनमें से एक हैं। यह फिल्म परिवार के साथ देखने के लिए शानदार है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor